फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 60, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 28 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**आज कोर्ट में पेशी, 1300 किमी का सफर 23 घंटे 45 मिनट में पूरा किया, 8 बार रुका काफिला**

## माफिया अतीक अहमद पहुंचा नैनी जेल




**प्रयागराजः** उप्र पुलिस उमेश पाल हत्याकांड में नामजद माफिया अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से लेकर सोमवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे प्रयागराज के नैनी जेल पहुंची। रविवार को उसे उप्र पुलिस कड़ी सुरक्षा में साबरमती जेल से लेकर प्रयागराज के लिए निकली थी। मंगलवार को अतीक अहमद को प्रयागराज कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं, बरेली जेल में बंद अतीक के भाई अशरफ को भी लेकर पुलिस प्रयागराज पहुंच रही है। उसे भी इस मामले में न्यायालय के समक्ष पेश किया जाना है। उल्लेखनीय है ।



### अतीक अहमद और उमेश पाल के बीच दुश्मनी 18 साल पुरानी

**उल्लेखनीय** है कि, माफिया अतीक अहमद और उमेश पाल के बीच दुश्मनी 18 साल पुरानी है। इसकी शुरूआत 25 जनवरी, 2005 में बसपा विधायक राजू पाल के मर्डर के साथ हुई। उमेश पाल उस केस का चश्मदीद गवाह था। अतीक ने उमेश पाल को कई बार फोन कर बयान न देने और केस से हटने को कहा। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। उमेश पाल नहीं माना, तो 28 फरवरी 2006 को उसका अपहरण करा लिया। उमेश पाल ने करीब डेढ़ साल बाद 5 जुलाई 2007 में अतीक और उसके भाई अशरफ समेत 10 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। यहीं से उमेश पाल अतीक के आंख की किरकिरी बन गया। अतीक अहमद ने उमेश पाल को अपहरण के बाद अपने चकिया के ऑफिस में रखा था। उसे रात भर पीटा और टॉर्चर किया। इससे वह घबरा गया। उसे बिजली के शॉक भी दिए गए। अपनी आंख के सामने मौत का मंजर देखकर उमेश पाल टूट गया। इसके बाद उसने डर के मारे अगले दिन कोर्ट में अतीक के पक्ष में गवाही दे दी। हलफनामा भी दे दिया। लिखा कि उमेश पाल मर्डर के समय वह वहां मौजूद नहीं था और न ही कुछ वह जानता है।

2007 में जब सरकार बदली। सपा को हार मिली और बसपा प्रमुख मायावती मुख्यमंत्री बनीं। अतीक अहमद के पर बसपा की सरकार बनते ही कार्रवाई शुरू हो गई। मायावती ने अतीक के दफ्तर पर बुलडोजर चलवा दिया। बताया जाता है कि मायावती ने उमेश पाल को लखनऊ बुलवाया। कहा कि, तुम गवाही दो, तुम्हारी सुरक्षा सरकार करेगी। इसके बाद उमेश पाल हिम्मत जुटाकर 5 जुलाई 2007 में अतीक, उसके भाई अशरफ सहित 10 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी अपहरण केस के बाद उमेश पाल अतीक अहमद के निशाने पर आ गया।

### माफिया अतीक अहमद व अशरफ को सजा मिलना तय माना जा रहा है !

**प्रयागराजः उमेश** पाल के 2006 में हुए अपहरण मामले में प्रयागराज की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है और इस मामले में 28 मार्च को अपना फैसला सुनाएगी। उमेश पाल अपहरण मामले में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को सजा मिलना लगभग तय माना जा रहा है। उमेश पाल अपहरण कांड के सभी आरोपितों पर जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस मामले में अधिकतम सजा फांसी या आजीवन कारावास तक हो सकती है। एक शासकीय अधिवक्ता ने बताया है कि इस मामले में अधिकतम सजा फांसी या आजीवन कारावास और जुमार्ना की व्यवस्था है। आईपीसी की धारा 364ए और दंड का विधान जो कोई भी किसी व्यक्ति का अपहरण करता है या इस तरह के अपहरण के बाद किसी व्यक्ति को हिरासत में रखता है और ऐसे व्यक्ति को मौत या चोट पहुंचाने की धमकी देता है, या फिरौती के लिए मजबूर करने के लिए ऐसे व्यक्ति को चोट या मृत्यु का कारण बनता है, तो मौत की सजा या आजीवन कारावास और जुर्माना के लिए भी उत्तरदायी होगा। उमेश पाल अपहरण कांड में मंगलवार को फैसला सुनाया जाना है। इस मामले में अतीक अहमद का भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ भी आरोपित है। अशरफ बरेली जेल में बंद है और उसे भी तलब किया गया है।

## जलवायु परिवर्तन से जीव के साथ सृष्टि को बचाना बड़ी चुनौती : सीएम योगी

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में पदक विजेताओं का उत्साह वर्धन किया और जल उत्सव माह का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के क्या प्रभाव होंगे, यह आज की सबसे बड़ी समस्या है। जलवायु परिवर्तन से जीव के साथ सृष्टि को बचाना बड़ी चुनौती है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सीएसआर फंड से वन विभाग को मिली 250 मोटरबाइक और 34 स्कूटी के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम को भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के लिए 12 स्वर्ण पदक, 18 रजत पदक, 13 कांस्य पदक विजेता इन सभी वन अधिकारियों का हृदय से अभिनंदन, बधाई है। उन्होंने कहा कि खेलकूद में बिना भेदभाव पहली श्रेणी से चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने भाग लिया। खेलकूद में हार जीत की चिंता किये बगैर, स्वस्थ प्रस्तिस्पर्धा करके सामाजिक संदेश देता है। अभी 43 मेडल प्राप्त हुए हैं। उम्मीद है कि अगली बार उत्तर प्रदेश को नंबर एक स्थान प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि हम हर वर्ष 30 करोड़, 35 करोड़ वृक्षारोपण करते हैं, लेकिन उन वन सम्पदा का संरक्षण भी करना आवश्यक है। पिछले छह वर्ष में उत्तर प्रदेश में 100 करोड़ वृक्षारोपण हुआ। फारेस्ट कवर बढ़ा, वन्य जीव भी बढ़े। अवैध खनन प्रतिबंधित किया गया। टाइगर रिजर्व की नई साइट बन रही है।

### ईपीएफओ का ईपीएफ ब्याज दर पर फैसला मंगलवार तक संभव

**नई दिल्लीः कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर ब्याज दर का ऐलान 28 मार्च को कर सकता है। ईपीएफ पर ब्याज दर को लेकर निर्णय केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की बैठक में होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि ईपीएफओ अपनी दो दिवसीय बैठक में ईपीएफ पर ब्याज दर को लेकर निर्णय ले सकता है। जानकारी के मुताबिक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निर्णय लेने वाले शीर्ष।

### भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6 फीसदी पर रखा बरकरार




**नई दिल्लीः साख नि**र्धारण करने वाली वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को छह फीसदी पर बरकरार रखा है। हालांकि, एजेंसी ने इसके अगले वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़कर 6.9 फीसदी पर पहुंचने की उम्मीद जताई है। एसएंडपी ने एशिया-प्रशांत के लिए त्रैमासिक आर्थिक जानकारी को अद्यतन करते हुए कहा कि महंगाई चालू वित्त की मौजूदा 6.8 फीसदी से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 में पांच फीसदी पर पर होगी। भारत का जीडीपी वित्त वर्ष 2022-23 में सात फीसदी की दर से बढ़ेगा, लेकिन वित्त वर्ष 2023-24 में यह कम होकर 6 फीसदी पर आ जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-2026 में भारत की औसत आर्थिक वृद्धि दर सात फीसदी होगी।

इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में इसके 6.9 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2026-27 में 7.1 फीसदी होगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 31 जनवरी को आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट सदन में पेश किया था। सरकार की ओर से पेश आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर से 6 से 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया था, जबकि मौजूदा वित्त वर्ष 2022-23 में विकास दर सात फीसदी रहने का अनुमान है।

## अब राहुल गांधी को सरकारी बंगला भी करना पड़ेगा खाली

**नई दिल्लीः लोकस**भा से अयोग्य घोषित होने के बाद अब लोकसभा आवास समिति ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सरकार द्वारा आवंटित बंगला खाली करने का नोटिस दिया है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है।


**22 अप्रैल तक अपना सरकारी आवास करना होगा खालीः** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अब पूर्व सांसद हो गए हैं। अभी तक राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, लेकिन लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी कर उनकी सदस्यता रद्द कर दी। फिलहाल राहुल गांधी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं। नोटिस के अनुसार, राहुल गांधी को 22 अप्रैल तक अपना सरकारी आवास खाली करना होगा।

**क्या है पूरा मामलाः** आपको बता दें कि गुजरात की सूरत कोर्ट ने 'मोदी' सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में 2019 में दायर मानहानि मामले में राहुल गांधी को दो साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले के चलते राहुल गांधी की संसद सदस्यता छिन गई।

**केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव आज राज्यों के साथ करेंगे बैठक**

## कोरोना के सक्रिय मामले 10 हजार से ऊपर

**नई दिल्लीः** देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोमवार को लगातार छठे दिन एक हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण आज शाम को उडश्क्क-19 की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक करेंगे।



**10-11 अप्रैल को मॉक ड्रिल की योजनाः** इस बैठक में मॉक ड्रिल की जानकारी भी दी जाएगी, क्योंकि 10-11 अप्रैल के लिए एक राष्ट्रव्यापी मॉक ड्रिल की योजना बनाई जा रही है, जिसमें सभी जिलों से स्वास्थ्य केंद्रों के भाग लेने की उम्मीद है। देश भर में कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है।

**कोरोना के 1805 नए मामलेः** बता दें, सोमवार को कोरोना के 1,805 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 134 दिनों के बाद सक्रिय मामलों की संख्या 10,000 के आंकड़े को पार कर गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को अद्यतन आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। लगातार छठे दिन कोरोना के एक हजार से अधिक मामले सामने आए हैं।

**डेली पॉजिटिविटी रेट 3.19 प्रतिशतः** डेली पॉजिटिविटी रेट 3.19 प्रतिशत, जबकि वीकल पॉजिटिविटी रेट 1.39 प्रतिशत दर्ज की गई है। सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों में कहा गया है ।

## दिल्ली में पढ़ी-लिखी सरकार : केजरीवाल

**नई दिल्लीः दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को विधानसभा में अपनी सरकार के कार्यों की गिनती कराते हुए केन्द्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली मॉडल एक पढ़ी लिखी सरकार की तरह काम कर रही है जबकि केन्द्र सरकार अनपढ़ सरकार है। हमारी सरकार सबके विकास, जीरो करप्शन, महंगाई से निजात, फ्री बिजली, फ्री पानी और सबके लिए स्वास्थ्य के मॉडल पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में कहा कि पहले दिल्ली सीडब्ल्यूजी घोटाले के लिए जानी जाती थी, लेकिन आज स्कूलों के लिए जानी जाती है। इन लोगों ने हजारों करोड़ खर्च कर दिए घोटाले साबित करने के



लिए, लेकिन जनता मान नहीं रही, जो काम 65 साल में हुए उससे डबल काम हमने आठ साल में कर दिए।आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य का काम तो सबको पता है, तो आज वह उन पर बात नहीं करेंगे। दिल्ली में सब फ्री है उसके बावजूद बजट मुनाफे में है। हम सरकार में आए तो बहुत प्रोजेक्ट लंबित थे। 1998 से 2015 तक 193 किमी. मेट्रो बनी और 2015 से 23 तक 390 किमी. मेट्रो बनी। केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली चुनिंदा शहरों में है, जहां महिलाओं का सफर बसों में मुफ्त है, तीन साल में 100 करोड़ से ज्यादा बार महिलाओं ने मुफ्त में यात्रा की है। आज दिल्ली देश का ईवी कैपिटल है। केजरीवाल ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर को बूस्ट देने के लिए यह सबसे बेहतर बजट है। इसके लिए करीब 21 हजार करोड़ का बजट है। पीडब्ल्यूडी की सड़कों के ब्यूटीफिकेशन के लिए काम किया जाएगा, मैकेनिकल स्वीपिंग होगी। एक साल में कोई गड्ढा नहीं दिखेगा। हमने 28 फ्लाईओवर बना दिए, 29 और बनाने जा रहे हैं। तीन डबल डेकर फ्लाईओवर बन रहे हैं। 2025 तक 10 हजार से ज्यादा बसें होंगी इनमें से 80 फीसदी इलेक्ट्रिक होंगी, 57 डिपो को इलेक्ट्रिक बनाया जा रहा है, लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए मोहल्ला बसें चलाई जा रही हैं। इस साल 1317 कच्ची कॉलोनियों ने सीवर कनेक्शन डालेंगे।

## बलिया में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का होगा निर्माण : दयाशंकर

**बलियाः परिवहन** मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का निर्माण होगा, ताकि अन्य प्रदेशों को यहां से जोड़ा जा सके। वे सोमवार को नगर से सटे जीराबस्ती स्थित राज्य परिवहन निगम वर्कशाप के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण का शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वैदिक मंत्रोचार के साथ शिलान्यास करने के बाद परिवहन विभाग से संचालित दस नई बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पहली बार बजट में दो हजार बसों को खरीदने के




लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यवस्था की है। परिवहन निगम के बेड़े में सात हजार बसों को शामिल करने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने के लिए दो सौ करोड़ बजट में मिला। डिपो आदि का निर्माण के लिए सौ करोड़ की व्यवस्था की गयी है। नयी बसों खरीदने के लिए चार सौ करोड़ मिला है। परिवहन मंत्री ने कहा कि 93 आरएम और एआरएम की भर्ती जल्द होगी।

### आज रात आसमान में दिखेंगे एक साथ सौरमंडल के 5 ग्रह

**नई दिल्लीः चांद**-सितारों की दुनिया में रुचि लेने वालों के लिए आकाश में मंगलवार को अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन सौर मंडल के 5 ग्रह एक सीधी रेखा में दिखाई देंगे। बुध, शुक्र, मंगल, बृहस्पति और अरुण (यूरेनस) को हम धरती से सीधे देख सकेंगे। ये दुर्लभ घटना सूरज ढलते के साथ ही दूरबीन से देखी जा सकती है।

खगोल वैज्ञानिकों के मुताबिक 5 ग्रहों में शुक्र सबसे चमकीला नजर आने की संभावना है। बुध और बृहस्पति को साफ देखा जा सकता है। इस दौरान बहुत अधिक दूरी होने के कारण यूरेनस को साफ देख पाना मुश्किल हो सकता है।

**5 साल की साशा को किडनी इंफेक्शन था, ढट ने बाड़े में किया था रिलीज**

## कूनो में नामीबिया से लाए चीते की मौत

**श्योपुरः कूनो** नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए चीतों में से 5 साल की मादा चीता साशा की मौत हो गई है। वह किडनी की बीमारी से पीड़ित थी। सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे उसने दम तोड़ दिया। नामीबिया से 17 सितंबर को 8 चीतों को लाया गया था। इन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाड़े में रिलीज किया था। इनमें साशा भी शामिल थी। हाल ही में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों की दूसरी खेप कूनो लाई गई थी।

**सुबह मृत अवस्था में मिलीः** वन विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी जेएन कंसोटिया ने बताया कि फीमेल चीता सुबह मृत अवस्था में मिली है, लेकिन उसकी मौत



कब हुई यह फिलहाल नहीं बताया जा सकता है। भोपाल से फॉरेस्ट और वेटनरी डॉक्टरों की एक टीम कूनो पहुंच गई है।

**करीब 2 महीने पहले हुई थी बीमारीः** कूनो नेशनल पार्क के बड़े बाड़े के कंपार्टमेंट नंबर-5 में पिछले साल 28 नवंबर को तीन मादा चीता सवाना, साशा और सियाया को छोड़ा गया था। तीनों मादा चीता एकसाथ ही कंपार्टमेंट में रहकर शिकार भी कर रही थीं। 23 जनवरी को चीता साशा बीमार हो गई थी। जिसके इलाज के लिए भोपाल से वेटनरी डॉक्टरों की टीम कूनो पहुंची थी। डॉक्टरों ने उसकी किडनी में इंफेक्शन होना बताया था। वन विहार से पहुंची एक्सपर्ट डॉक्टरों की टीम मादा चीता को अपनी देखरेख में लेकर उसका इलाज कर रही थी। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार भी आया था।

## पर्यटन के क्षेत्र में उप्र छू रहा नया आयाम : ब्रजेश

**लखनऊः** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को धार्मिक पर्यटन विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठ की शुरूआत की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एक नए आयाम को छू रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम और प्रभु श्रीकृष्ण की धरती लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। एक आंकड़े के अनुसार दिसंबर में गोवा




से अधिक पर्यटक बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने काशी पहुंचे। उन्होंने सम्मेलन की सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन समय -समय पर होते रहने चाहिए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि बाबासाहेब के आदर्शों पर हमारा विश्वविद्यालय चलता है और आगे भी चलता रहेगा।

## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** पुलिस टीम द्वारा आज रविवार को हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस टीम शेष कागजी कार्यवाही को पूर्ण करते हुए गिरफ्तार आरोपी को जेल के लिए रवाना किया गया एसीपी करछना के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी ब्रजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस ने थाना नैनी में दिनांक 23.03.2023 को पंजीकृत मु0अ0सं0 148/ 2023 धारा 307 भा0द0सं0 में वांछित अभियुक्त मो0 अजमिल पुत्र मो0 इश्तेखार निवासी इन्दलपुर डाडी थाना नैनी प्रयागराज उम्र करीब 22 वर्ष को आज मुखबिर की खास सूचना पर इन्दलपुर पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने पकड़े हुए आरोपी को गिरफ्तार स्थान से थाने ले आयी जहा नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही पूरा किया।

# प्रयागराज से देहरादून के लिए एक और फ्लाइट

## सांसद केशरी देवी ने केक काटकर की शुरुआत, पहले दिन 44 यात्रियों ने किया सफर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगमनगरी प्रयागराज से उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के लिए एक और फ्लाइट शुरू हुई है। उड़ान योजना के तहत ह्लउड़े देश का आम नागरिकह्व को साकार करते हुए सोमवार को फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल व पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने केक काटकर इस फ्लाइट का श्रीगणेश किया।दोपहर 01:02 बजे फ्लाइट यहां से देहरादून के लिए उड़ान भरी। एलायंस एयर की इस फ्लाइट में पहले दिन यहां से 44 यात्री देहरादून के लिए रवाना हुए। अतिथियों ने देहरादून के प्रथम यात्री संजय सिंह को बोर्डिंग पास भी दिया। शाम 4:55 बजे देहरादून से कुल 39 यात्री प्रयागराज आए। इसी फ्लाइट से शाम 5:25 बजे बजे 46 यात्रियों ने दिल्ली तक की यात्रा की। इस अवसर विमानपत्तन निदेशक आरआर पांडेय ने अतिथियों का आभार जताया। प्रयागराज एयरपोर्ट के विकास कार्यों में इसी प्रकार सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सीपी मनीष यादव, एलायंस एयर के स्टेशन प्रबंधक मुकेश जायसवाल, इंडिगो स्टेशन मैनेजर चंद्रकांत अन्य रहे।



### सभी फ्लाइटों के टाइम टेबल में हुआ बदलाव

प्रयागराज से उड़ाने भरने वाली फ्लाइटें आज नए समय सारिणी के मुताबिक रवाना होंगी। 26 मार्च से (नागर विमानन महानिदेशालय) की ओर से ग्रीष्म कालीन समय सारिणी लागू कर दी गई है। प्रयागराज से विभिन्न शहरों के लिए उड़ाने भरने वाली सभी विमानों का समय अगले सात माह तक के लिए बदला रहेगा। इसमें प्रयागराज से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट शाम 5.25-7.15 बजे चलेगी, यह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के लिए है। मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को प्रयागराज से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट शाम 3.55-5.45 बजे रवाना होगी। प्रयागराज से बिलासपुर जाने वाली फ्लाइट (मंगलवार,गुरुवार, शनिवार और रविवार) दोपहर 12.20-1.40 बजे चलेगी। प्रयागराज से लखनऊ की फ्लाइट शाम 5.00-5.45 बजे चलेगी। इसी तरह मुंबई, दिल्ली, पुणे, बंगुलरू, भुवनेश्वर, रायपुर, इंदौर, भोपाल व अन्य शहरों को जाने वाली फ्लाइट की भी समय सारिणी में बदलाव है।

## न्यूज झरोखा

### अज्ञात कारणों से छप्पर मे लगी आग




**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर हरदुआ गांव निवासी राजकुमार आदिवासी की पशुशाला में सोमवार दोपहर बारह बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग देखते ही देखते छप्पर की पशुशाला को अपनी चपेट में ले लिया। दूसरे कामों में लगे लोग धुआं उठता देख आग तरफ दौड़े और पास में लगे सबमर्सिबल से पानी लेकर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे और फिर कुछ देर बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग ने राजकुमार के छप्पर को चपेट में ले लिया। शोर पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह पशुशाला में बंधे मवेशियों की रस्सियों को काट दिया। इस दौरान जानवर भी आंशिक रूप से झुलस गए। पड़ोस की निवासी शिवदेवी के छप्पर को भी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों की मदद से आग बुझ पाई नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। पीड़ित का कहना है कि आग कैसे लगी यह उसे नही मालूम लेकिन आग लगने की घटना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### बलराम महाविद्यालय में विधायक ने बांटे टेबलेट



**कोराव।** विधानसभा क्षेत्र कोरांव अंतर्गत स्थित बलराम महाविद्यालय सिरहिर मेजा प्रयागराज उत्तर की स्वामी विवेकानंद तकनीकी सशक्तिकरण टेबलेट वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कोरांव के विधायक राजमणि कोल ने टेबलेट वितरण योजना के दौरान छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी से प्रेरणा लेनी चाहिए उनके आचरण को धारण करना चाहिए। विधायक ने कहा कि जब देश की युवा शक्ति जागेगी तो देश तरक्की की ओर तेजी से बढ़ेगा। बेटियों के सम्मान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी निष्ठा के साथ विकास कार्य में बिना किसी भेदभाव के सबका साथ सबका विकास को चरितार्थ करते हुए लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि इस टेबलेट को तकनीकी कार्यों में सदुपयोग करें। इस अवसर पर शिवदत्त पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष प्रयागराज भाजपा के मुकेश कोल ब्लॉक प्रमुख कोरांव हरिश्चंद्र द्विवेदी जय शंकर पांडे प्राचार्य अरुण कुमार , प्रोफेसर एग्रीकल्चर शाह आलम एवं प्रधान सिरहिर एवं शिवाकांत पांडे लालता प्रसाद बिंद्रा कोल धीरज सागर आदि साथ में रहे।

### बरेस्ता खुर्द गांव के प्रधान हरि प्रताप सिंह का निधन



**प्रतापपुर।** बरेस्ता खुर्द ग्राम प्रधान हरि प्रताप सिंह का सोमवार को हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया जिससे ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व जिला पंचायत सदस्य फूलचंद्र कनौजिया ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हरि प्रताप सिंह प्रतापपुर ब्लाक में एक मात्र क्षत्रिय प्रधान थे जो कि सरल स्वभाव एवं मिलन सार व्यक्तित्व के थे गांव में उनकी कमीं जीवन भर रहेगी। परिजनों, क्षेत्रीय, ग्रामीण लोगों में शोक का माहौल है।



## जसरा से अतीक का गुजरा काफिला घूरपुर पुलिस ने क्रॉसिंग को बंद होने से रोका, देर तक खड़ी रही ट्रेन

**जसरा।** गुजरात के साबरमती जेल से चला काफिला देर शाम लगभग पांच बजे जसरा रेलवे क्रॉसिंग से होकर आगे बढ़ गया। काफिला को आगे बढ़ाने के लिए घूरपुर पुलिस ने क्रॉसिंग बंद होने से रोक दिया। इसके बाद काफिला गुजर गया। सोमवार की शाम लगभग पांच बजे जैसे ही हूटर की आवाज सुनाई पड़ी कि क्रॉसिंग के पास खड़ी घूरपर पुलिस चौकन्नी हो गई। इतने में प्रयागराज मुंबई मार्ग पर स्थित रेलवे का गेट नंबर 24 बंद होने लगा। इसी दौरान घूरपुर पुलिस गिर रहे क्रॉसिंग के बीच फाटक को नीचे गिरने से रोक दिया तथा वापस खुलवा दिया। इतने में अतीक अहमद के काफिले में सम्मिलित गाड़ियां क्रॉसिंग पर पहुंच गई और धीरे-धीरे करके लगभग 100 चार पहिया वाहन जिसमें पुलिस व मीडिया कर्मी सम्मिलित रहे और नैनी सेंट्रल जेल के लिए आगे बढ़ गई । वहीं लगभग 10 मिनट तक वाहनों के गुजरने के बाद क्रॉसिंग बंद हो सका। ट्रेन को दोबारा सिग्नल मिलने के बाद आगे की ओर निकाला गया।

## डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाने एवं दुर्घटनाओं की आडिट भी कराये जाने के निर्देश दिए है, जिससे कि दुर्घटनाओं के कारणों के बारे में ठीक ढंग से जानकारी हो सके। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से माह फरवरी में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटना स्थलों की थानावार जानकारी ली। दुर्घटना बाहुल्य चिन्हित ब्लैकस्पाटों के साथ अन्य ब्लैकस्पाटों का चिन्हीकरण कराते हुए वहां पर स्पीड गन एवं कैमरा अनिवार्य रूप से लगाये जाने के निर्देश पीडब्लूडी, एनएच एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिए है। नए चिन्हित ब्लैकस्पॉटों पर साइन बोर्ड लगवाये जाने के लिए कहा है, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए कहा है। सम्बंधित सड़कों के अधिकारियों को टीम बनाकर ब्लैक स्पाटों पर होने वाली दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कहा है। साइट प्रभारी अभियंता एवं थानाध्यक्ष घूरपुर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है कि दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा किस कारण से मृत्यु हुई है और हण्डिया के साइट अभियंता एवं प्रभारी निरीक्षक हण्डिया से भी स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। अगली बैठक में पूरी तरह से ऑडिट कराकर रिपोर्ट लाने के निर्देश दिए है। दिए है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, डीसीपी टैफिक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व अन्य सम्बंधित अधिकारीगणों के अलावा आटो यूनियन के महामंत्री रघुनाथ द्विवेदी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वालीबाल टूर्नामेंट : पुलिस लाइन ने देव एकेडमी को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जसरा पुरानी बाजार वॉलीबॉल टूनामेंट के समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वरिष्ठ समाजसेवी रतन केसरवानी ने कहा कि गांव के अंदर खेल को अगर सरकार अपने सहयोग से बढ़ावा दे तो राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हमें गांव में ही मिल जाएंगे। उन्होंने कहा कि वालीबाल कबड्डी खो खो दौड़ जैसे खेल को गांव में सरकार द्वारा अगर प्रोत्साहन मिले तथा खेल के मैदान बनाए जाएं तो गांव में राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाएं आसानी से हमें उपलब्ध हो जाएगें,जो भारत का नाम खेल में ऊपर पहुंचा सकते हैं। जसरा पुरानी बाजार वॉलीबॉल टूनामेंट का फाइनल देव एकेडमी तथा पुलिस लाइन के मध्य खेला गया। जिसमें पुलिस लाइन ने देव एकेडमी को हरा करके विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल



विजेता को ट्राफी के साथ इक्कीस हजार का चेक प्रदान किया गया। वहीं पर उप विजेता को शील्ड के साथ ग्यारह हजार रूपए का चेक दिया गया। युवा ग्राम प्रधान समाजसेवी आशीष सोनकर ने सभी विजेता , उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाया। इस मौके पर मुख्य रूप से वरुण केसरवानी, आशीष कुमार, अकरम अली, पंकज केसरवानी, महेश सिंह चच्चू , आनंद जायसवाल, राहुल विश्वकर्मा,वजीर नेता, अकबर अली, नितिन केसरवानी, पुष्पेंद्र केसरवानी, रोहित सोनी, प्रदीप केसरवानी सुशील केसरवानी , विजय पेंटहाउस, विशाल सिंह, बाबूराम द्विवेदी, सरवर अली, बाबूजी , सुभाष पटेल, अरुण केसरवानी, देर रात तक चली फाइनल मैच में अगल-बगल गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 10 हजार दो, पीएम आवास योजना ले जाओ...

### भ्रष्टाचार का शिकार हो रही प्रधानमंत्री आवास योजना, बिचौलिए कर रहे धन उगाही, शंकरगढ़ के कई ग्राम सभाओं में गरीब ग्रामीणों से लिया जा रहा 5 से 10 हजार रुपये





**शंकरगढ़।** सरकारी योजनाओं का लाभ डीबीटी के माध्यम से दिए जाने के बावजूद तथाकथित जिम्मेदार वसूली में तल्लीन हैं। भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए ही सरकार द्वारा सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक डीबीटी (डायरेक्टर बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है, लेकिन योजनाओं से जुड़े लोग उन्ही लोगों को इसका लाभ लेने दे रहे हैं, जो उनकी जेब गर्म करने के लिए आगे आ रहा है। विकास खंड शंकरगढ़ के कल्याणपुर ग्रामसभा में पीएम आवास योजना को लेकर जमकर वसूली की जा रही है। इस योजना के नाम पर लाभार्थियों से पैसे की उगाही की जा रही है। कहीं ऐसे लोगों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है, जो इसके हकदार (अपात्र) हैं और जो पात्र हैं उन्हें दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार रोकने के लिए बीडीओ से लेकर एसडीएम एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से गुहार लगाई है। संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर में 22 एससी लाभार्थियों का कहना है कि जुलाई 2021 में उन्हें 40 हजार रुपये मिला था, लेकिन जमीन नहीं है, जिससे आवास का निर्माण नहीं हो पा रहा है। आरोपित है कि बिचौलियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभर्थियों से 40 हजार रुपये की पहली किस्त में ही 5 से 10 हजार रुपये लिया जा रहा है। कुछ लाभार्थियों को बहला फुसलाकार दूसरी किस्त (70 हजार रुपये) और तीसरी किस्त (10 हजार रुपये) लाभार्थी के खाते में हस्तानांतरण कर लाभार्थी के खाते से निकलवाकर कुछ रुपये लाभार्थी को देकर बचे हुए रुपये का गबन किया जा रहा है। संदीप सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से मामले की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का यह हाल सिर्फ कल्याणपुर ग्राम पंचायत में ही नहीं है, कमोवेश विकासखंड शंकरगढ़ के रूम, सीध टिकट, लेदर, शिवराजपुर, लोहरा, लोहगरा, पूरे बघेल सहित विकास खंड शंकरगढ़ के सभी ग्राम पंचायतों का है। यहां आवास योजना में ऐसे लोगों का भी नाम जुड़ा है, जिनके घर में सरकारी नौकरी एवं पक्का मकान भी बना है लेकिन जरूरतमंदों को योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

**दोषियों पर होगी कार्यवाही : बीडीओ**

उपरोक्त प्रकरण में शंकरगढ़ के खंड विकास अधिकारी रामविलास राय का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में कहीं गलत हुआ है तो इसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई शिकायतकर्ता शपथ पत्र के साथ ऐसे लोगों की सूची उपलब्ध कराते हैं, जिन्हें गलत तरीके से इस योजना का लाभ पहुंचाया गया है, तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी।

# मां कात्यायनी के स्वरूप का हुआ पूजन अर्चन लगते रहे जयकारे




अखंड भारत संदेश

**सहसों।** चैत्र मास के नवरात्रि के पावन नौ दिनों में मां की अलग-अलग रूपों में पूजन अर्चन भक्त श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। जो भी श्रद्धालू भक्त नर नारी सच्चे हृदय से श्रद्धा पूर्वक मां की विधि विधान से आराधना, उपासना, पूजन अर्चन, धूप दीप, नैवेद्य के साथ पूजते हैं मां उनको मनोवांछित फलस्वरूप आशीर्वाद प्रदान करती हैं एवं उनके जीवन में परिवारिक, शारीरिक कष्टों को दूर कर अपनी कृपा बरसाते हुए सदा ही धन, वैभव, सुख समृद्धि प्रदान करती हैं। इस दौरान मंदिरों के साथ-साथ भक्त श्रद्धालु अपने अपने घरों में भी मां की कलश स्थापना के साथ हर दिन अलग-अलग रूपों में मां की पूजा, उपासना, आराधना में तन मन व श्रद्धा भाव से लगे हैं। सहसों बाजार स्थित बजरंग दल दुर्गा पूजा समिति द्वारा पूजा पंडाल में भक्तों ने आचार्य विद्वान द्वारा वैदिक मंत्रों से हर दिन मां की अलग-अलग रूपों में मां की पूजा पाठ किया जा रहा है। जिसमें नवरात्रि के छठवें दिन मां जगदंबा की कात्यायनी के रूप में भव्य श्रृंगार के साथ भक्तों ने मां की आराधना उपासना एवं पूजन आरती किए। पूजा पंडाल में समिति के सौजन्य से सुंदर कलाकारों द्वारा मां की विभिन्न झांकियों के साथ मनमोहक प्रस्तुति किए गए एवं चलो बुलावा आया है, मां शेरावाली एवं मईया की चुनरी निहाल बा सुंदर भजन पर उपस्थित भक्त श्रोता नर नारियों द्वारा मां के जयकारों के साथ पूजा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। देर रात तक पूजा पंडाल में बैठकर भक्तों ने माता के दरबार में भजन कीर्तन एवं माता के जयकारे के साथ आनंदित हुए। इस अवसर पर सहयोग के रूप में जयेश केसरवानी, पिन्टू केसरवानी, नरेन्द केसरवानी, फूल चन्द्र साहू, अमन केसरवानी, कल्लू जायसवाल एवं शिवम, शुभम सहित आदि ग्रामवासी श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

### भक्तिभाव के साथ माता के जगराता का हुआ भव्य आयोजन

**नैनी।** अवंतिका विकास समिति (महिला प्रकोष्ठ) द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को भगवती जागरण का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर मोहल्ले एवं आसपास की भारी संख्या में महिलाये मौजूद थी और पूरी रात्रि एक से एक भक्तिरस मे डूबे देवीगीत, भजन एवं कीर्तन प्रस्तुत करते हुए जागरण हुआ। अवंतिका कालोनी के डी ब्लाक स्थित शीतला माई पार्क में आयोजित कार्यक्रम की संयोजिका मीना जायसवाल के अनुसार भगवती जागरण में मुख्य रुप से श्रीमती रानी जायसवाल, अनीता केसरवानी, आशा पटेल, आरती पांण्डेय, संगीता जायसवाल, अर्चना शुक्ला, बरम देवी व रेखा केसरवानी आदि की आयोजन में प्रमुख भूमिका रही। रात्रि जागरण के उपरान्त भोर मे विशेष आरती पूजन कर सुबह प्रसाद वितरण के साथ माता का जगराता सम्पन्न हुआ।



### नवरात्रि की अष्टमी पर सक्रिय रहेगी डीसीपीसी की टीम रमजान और प्रांतीय अधिवेशन के आयोजन पर चर्चा



**प्रयागराज।** नवरात्रि पर्व, रमजान एवं प्रांतीय वार्षिक अधिवेशन के संबंध में डीसीपीसी (जिला अपराध निरोधक समिति) की बैठक आर्य समाज चौक सभागार में हुई। बैठक में नवरात्रि पर्व के मद्देनजर विगत दिनों की भांति नवरात्रि समाप्ति तक शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मंदिरों पर समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। इसके अलावा पूर्व की भांति रमजान के मद्देनजर सहयोग करते रहेंगे। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति लखनऊ का वार्षिक अधिवेशन एवं सेवा पत्रिका के विमोचन के संबंध में सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से विधि सलाहकार लक्ष्मीकांत मिश्र, प्रशांत सिंह, मुन्ना भैया, अशोक सिंह, कोतवाली से अजीत सिन्हा, करेली से शकील अहमद, शाहगंज से फैयाज अली, गणेश मोहन, मनोज सिंह, अभिषेक यादव मुट्ठीगंज से, राकेश शर्मा धूमनगंज से, रमेश यादव झूंसी से, शिव नैनी से, हरिशंकर यादव मेजा से, अतीश यादव नबाबगंज से, रोहित कुमार, संदीप सोनी महिला टीम से सुनीता मिश्रा, प्रियंका परासर, गरिमा राय, ममता मिश्रा, सुधा गौड़ समेत केंद्रीय कमेटी पदाधिकारी, वार्ड अधिकारी, तहसील सचिव, थाना कमेटी प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी, सदस्यगण मौजूद रहे। संचालन संगठन सचिव सतीश चंद्र मिश्र ने किया।

## हत्या मे वंछित अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा कर हुई 82 की कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नेरेट यमुनानगर के थाना खीरी क्षेत्र का निवासी लवराज सिंह पुत्र अमरबली सिंह ग्राम इटवा खुर्द थाना खीरी जो काफी समय से हाजिर न होने व फरार चल रहा। बुधवार को पुलिस ने अभियुक्त लवराज सिंह के घर पहुच कर खीरी पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गयी। साथ में गाँव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। यमुनानगर के खीरी प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार सोनकर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त लवराज सिंह के खिलाफ अपराध संख्या 314/2022 अन्तर्गत धारा 302/201 /34 भारतीय दण्ड संहिता के तहत खीरी थाने मे मुकदमा दर्ज है। इस प्रकरण में विवेचक प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी के द्वारा की जा रही थी। अभियुक्त लवराज सिंह के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस टीम ने दबिश दी लेकिन अभियुक्त नही मिला। जिसपर खीरी पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 82 दण्ड प्रक्रिया संहिता के निर्गत किये जाने की जनपद न्यायालय में याचना की गयी थी। फरार चल रहे अभिुक्त के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। 6 फरवरी २०२३ को गैर जमानतीय वारट निर्गत किये गये थे परन्तु वारंट के बाबजूद भी अभियुक्त न तो गिरफ्तार हुआ और न ही उसके द्वारा न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया है। बुधवार को खीरी पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा की कार्रवाई की गयी। इसके बाद भी अगर अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो पुलिस अगली कायार्वाही धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की तैयारी मे है।

## जमीन बंटवारे को लेकर भाई भाई में मारपीट का मामला दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के पिलखुआ में जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भइयो में मारपीट बीच-बचाव करने पहुंची महिला को भी मारपीट कर किया घायल मामला दर्ज। मऊआइमा के पिलखुआ गांव निवास सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय लालाराम ला आरोप है ।कि मेरा भाई शिव बाबू व धर्मपाल उनका लड़का गुलशन कुमार ने जमीन बंटवारे को लेकर पूरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया शोर शराबा सुनकर बीच-बचाव करने मेरी पत्नी निर्मला देवी पहुंची तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया गया पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पप्पू लाल निषाद को सपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर सपाइयों ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने 25 जिलों में नए जिलाध्यक्षों का मनोनयन किया है। प्रयागराज जमुनापार का पप्पू लाल निषाद को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पप्पू लाल के जिलाध्यक्ष बनने की खबर जैसे ही कार्यकताओं तक पहुंची तो कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया। उल्लेखनीय है की पप्पू लाल निषाद पार्टी के वरिष्ठ नेता है और पूर्व में भी महानगर अध्यक्ष प्रयागराज पद पर रह चुके और उन्हे संगठन चलाने का लंबा अनुभव रहा है। इस मौके पर समाजवादी नेता राजू चौबे किसान नेता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त करते



हुए कहा कि पप्पू लाल निषाद को प्रयागराज यमुना पार का जिला अध्यक्ष बनाए जाने से निश्चित ही पार्टी को मजबूती मिलेगी और संगठन चलाने का उनका अनुभव आगामी चुनावों में सफलता के रूप में देखने को मिलेगी निषाद समाज से आने वाले नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोनयन होने पर निषाद समाज के लोगों में विशेष तौर पर एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और वह पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के पक्ष में एकजुट होकर कार्य करने के लिए आतुर हैं। इस मौके पर मेहताब खान निवर्तमान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी कोरांव ने कहा कि पप्पू लाल निषाद की पार्टी के पुराने और संघर्षशील नेता के तौर पर पहचान रही है और उनको प्रयागराज की जमुना पार का प्रभार दिए जाने से कार्यकताओं में उत्साह है बधाई देने वालों में मुख्य रूप से राजेश पांडे चर्चित किसान नेता सोमदत्त सिंह पटेल पूर्व जिला महासचिव प्रमोद मिश्र पयासी एडवोकेट हारुन अंसारी नौशाद अंसारी शहादत अली सफात अली यादवेंद्र अहीर पवन सिंघाल मोहम्मद हारुन दीपक पटेल विपुल दुबे रामानुज यादव प्रधान रविंद्र जैसल प्रधान दिनेश पटेल आदि लोग रहे।

## खबर संक्षेप

### बार एसोसिएशन की सहमति बगैर नहीं शुरू होगी कोई व्यवस्था

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ में ई-फाइलिंग सेंटर स्थापित किए जाने के मामले में कहा है कि बार एसोसिएशन की सहमति के बिना कोई भी व्यवस्था नहीं शुरू हो सकती है। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ ने कहा कि उनकी तरफ से कोई सहमति नहीं दी जाएगी।मेरठ में ई-फाइलिंग सेंटर खोले जाने के संबंध में कानून मंत्री किरन रिजिजू के बयान पर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आपत्ति जताई थी। चेतावनी दी थी कि मंत्री बयान देने या इस तरह की कार्रवाई करने से बाज आए अन्यथा इसकी लड़ाई बार सड़क तक ले जाएगी।बार इस मामले में लगातार आंदोलन चलाए हुए है। सोमवार को जब मुख्य न्यायमूर्ति की अगुवाई खंडपीठ ने सुनवाई शुरू की तो बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह और महासचिव नितिन शर्मा ने इस मामले को खंडपीठ के समक्ष रखा।

पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं की चिंताओं से खंडपीठ को अवगत कराया। इस पर खंडपीठ ने आश्वासन दिया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन व कार्यकारिणी को विश्वास में लिए बगैर खंडपीठ किसी प्रकार की सहमति नहीं देगी। कोई पत्र कहीं से भी नहीं आया है। कार्यकारिणी इस विषय पर किसी भी समय चर्चा कर सकती है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा।








इसी गाड़ी से असरफ को लाया गया

# माफिया अतीक और अशरफ को पुलिस ने नैनी जेल में कराया दाखिल

## 28 मार्च को एमपी/ एमएलए कोर्ट में किया जाएगा पेश, अतीक की एक झलक मीडिया कर्मियों को नहीं मिल सकी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से पुलिस का विशेष दस्ता सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे सेंट्रल जेल नैनी पंहुचा गया। दो प्रिसन वन और चार अन्य वाहन के साथ नैनी जेल पहुंचने पर अतीक अहमद को जेल में दाखिल कराया गया। वहीं देर शाम करीब 7:00 बजे खाली अजीम उर्फ अशरफ को लेकर पुलिस बरेली से नैनी सेंट्रल जेल पहुंची। वही एक अन्य आरोपी फरहान को चित्रकूट जेल से लेकर पुलिस करीब सवा सात बजे सेंट्रल जेल पहुंची। मंगलवार को अतीक अहमद और खालिद अजीम उर्फ अशरफ समेत अन्य नौ अन्य आरोपियों को एमपी/ एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। जहा उमेश पाल अपहरण कांड में कोर्ट का निर्णय आना है। सुबह से ही सेंट्रल जेल नैनी में भारी गहमागहमी रही डीआईजी जेल एके सिंह ने नैनी जेल पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया वहीं डीसीपी शहर दीपक भूकर ने भी बंदियों की बैरक में जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अतीक अहमद को पुरानी महिला बैरक में बनाए गए हाई सिक्योरिटी बैरक में तीन सीसीटीवी कैमरों से निगरानी में रखा जाएगा जहां छह बंदी रक्षक उसकी 24 घंटे निगरानी करेंगे। इन बंदी रक्षकों में तीन बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस होंगे। इससे पहले अतीक अहमद के बेटे अली को हाई सिक्योरिटी बैरक से हटा कर सर्किल एक के हाई सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। जेल सूत्रो के अनुसार अतीक अहमाए और अशरफ को एक दूसरे से दूर रखा गया है। बुधवार की सुबह इन आरोपियों को एमपी/ एमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# जमीन विवाद में हुई थी युवक की मौत

## आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने किया चक्का जाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर तहसील के अंतर्गत आने वाले करवाई थाना क्षेत्र के बेरूई गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम के बाद जब युवक का शव उसके गांव पहुंचा, तो परिजनों में कोहराम मच गया।

**गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने किया चक्का जाम :** मृतक के शव के घर पहुंचने पर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने सांसो फाफामऊ संपर्क मार्ग पर तकिया चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। चक्का जाम की सूचना पर थाना प्रभारी फरवरी लोकेंद्र त्रिपाठी मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन काफी देर तक जब परिजन नहीं माने तो भारी संख्या में पुलिस बल को बुलाना पड़ा।



**जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट :** पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास लगातार कर रही है, लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। सोचो आप आम और संपर्क मार्ग पर शव को रखकर चक्का जाम कर दिया है। बता दें कि गारा पुर गांव निवासी विश्वनाथ भारती व राजेश कुमार भारती के परिजनों में जमीनी विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गया था, जिसमें सोमनाथ पुत्र दुखहरण की गंभीर चोट लगने के कारण इलाज के दौरान मौत हो गई।



### तमंचे के बल पर सवारी से ऑटो-चालक ने की लूटपाट

**प्रयागराज।** गंगा नगर इलाके में बदमाशों ने तमंचे के बल पर एक व्यक्ति से ढाई हजार नगद और मोबाइल लूट लिया गया। ऑटो सवार बदमाशों ने युवक को गोली मारने की धमकी देते हुए चुपचाप चले जाने के लिए कहा। बदमाशों के जाने के बाद भुक्तभोगी ने पुलिस कंट्रोल रूम में सूचना दी। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने ऑटो चालक और खलासी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से लूट की रकम के अलावा 315 बोर का तमंचा, दो कारतूस और लूट में प्रयुक्त ऑटो बरामद कर ली गई है।गंगानगर के मऊआइमा थाना अंतर्गत बड़ौरा छाता गांव निवासी सुरेंद्र कुमार गौतम पुत्र राममिलन गौतम शहर आया था। यहां से लौटते समय फाफामऊ थाना क्षेत्र के गद्दोपुर के पास ऑटो चालक ने उसे अकेला पाकर तमंचा सटा दिया और उसके ढाई हजार रुपए नगद मोबाइल छीन लिए। सूचना के बाद हरकत में आई फाफामऊ पुलिस ने ऑटो चालक मो. अबूसेन उर्फ गोरे निवासी चंदापुर, फाफामऊ को मलाक हरहर से गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस और आटो बरामद : उसके पास से लूट के 900 रुपए नकद, तमंचा, कारतूस और आटो बरामद की गई। एसआई विश्वेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए ऑटो चालक ने तीन और घटनाओं को कार्य करना स्वीकार किया है उसका कहना है कि वह अकेली सवारियों को अपनी ऑटो में बैठा था और सुनसान स्थान पर जा ले जा कर उनका पैसा मोबाइल गहने छीन लेता है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई विश्वेंद्र कुमार यादव के अलावा एसआई वारुकांत प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश कुमार, कांस्टेबल लव कुश सिंह शामिल थे।

## न्यूज झरोखा

### श्रीमनकामेश्वर धाम महोत्सव का भव्य आगाज पांच अप्रैल से



**शंकरगढ़।** बीसवां श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव 2023 का भव्य आगाज पांच अप्रैल से शंकरगढ़ में होने जा रहा है। यह आयोजन 11 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम के संयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने बताया कि यह आयोजन भगवान रामेश्वरम वाटिका, शंकरगढ़ में होगा। इसमें उज्जैन से महंत रामदास महराज और अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक बाल विदुषी प्रभु प्रिया (उज्जैन) भाग ले रही हैं। सूर्यनिधान पांडेय ने बताया कि कथा प्रवचन के अलावा सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा रात्रिकालीन भक्ति संगीत सांस्कृतिक संध्या में विविध कार्यक्रम होंगे। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है। बताया कि महोत्सव का आगाज पांच अप्रैल को भागवत पूजन से किया जाएगा। छह अप्रैल को नारद के तीर्थ भ्रमण, भक्ति संवाद, सात अप्रैल का नाम महिमा और अजामिलोपाख्यान, आठ को रामादि पूर्वजों की कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, नौ अप्रैल को शैशवावस्था के ब्रह्म का दर्शन नामकरण, पूतना उद्धार और दस अप्रैल को बाल लीला, बकासुर वध की कथा सुनाई जाएगी। इसके बाद 11 अप्रैल को विवाह और हवन-पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

### दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज का उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक करेंगे लोकार्पण



**मेजा रोड।** दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज चंपारण इस्टेट गौसौरा कला मेजा रोड के नवनिर्मित विशाल भवन का लोकार्पण 2 अप्रैल दिन रविवार को 10:00 बजे सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा लोकार्पण किया जाएगा. उक्त जानकारी विद्यालय के चेयरमैन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील मिश्रा ने दिया. विद्यालय के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है लगभग 10000 लोगों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है सभी आमंत्रित लोगों को बैठने हेतु कुर्सी की व्यवस्था की जा रही है अति विशिष्ट लोगों की बैठने हेतु बीआईपी पंडाल लगाया जा रहा है कार्यक्रम हेतु मंच का निर्माण कार्य शुरू हो गया है प्रोटोकॉल आते ही हेलीपैड बनवा दिया जाएगा. गौरतलब हो कि सूबे के उपमुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर के द्वारा विद्यालय भवन का लोकार्पण करने पहुंचेंगे तत्पश्चात प्रयागराज शहर के अन्य कार्यक्रमों में भाग लेकर लखनऊ रवाना हो जाएंगे विद्यालय की प्रबंधक डॉ स्वतंत्र मिश्रा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक का विद्यालय में बड़े पैमाने पर स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं मुख्य अतिथि के आने पर कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ किया जाएगा जिसके लिए विद्यालय की शिक्षिकाये एवं छात्र-छात्राएं जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं साथ ही साथ नवनिर्मित विद्यालय भवन को सजाया जा रहा है. विद्यालय के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने सभी क्षेत्रीय लोगों को उक्त कार्यक्रम में भागीदारी हेतु आमंत्रित किए हैं।

### शिक्षा संस्कृति और संस्कार की अलख जगा रहा विद्यालय : आरएन विश्वकर्मा

#### वार्षिक समारोह में दिखा नौनिहालों का हुनर, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने लूटी वाहवाही




**करछना।** तमसा की तराई में यह विद्यालय कई गांव के नौनिहालों के बीच शिक्षा संस्कृति और संस्कार की अलख जगाने का कार्य कर रहा है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत अद्भुत कार्यक्रम और विद्यालय अनुशासन इसके लिए प्रशंसनीय है। यह बातें क्षेत्र की जैमा भगनपुर पुर स्थित एमपीएसएस कान्वेंट के परिसर में आयोजित विद्यालय के वार्षिक समारोह के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व संयुक्त कुलसचिव आर.एन विश्वकर्मा ने कही। इसके पूर्व निदेशक डॉ राजेश शर्मा के साथ उन्होंने दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना के उपरांत संदेश परक भाषण,फागुनी गीत,कव्वाली,लोक नृत्य,नाटक,भक्ति गीत जैसे कार्यक्रमों में नौनिहालों ने खूब समां बांधते हुए श्रोताओं की तालियां बटोरी। प्रबंधक अरुण शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण करते हुए कहा कि यह कॉन्वेंट विद्यालय बच्चों में आधुनिक शिक्षा और संस्कारों को पीरोते हुए भारत का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को तरास रहा है। क्षेत्रीय बुजुर्गों,अभिभावकों और युवकों के सहयोग से उत्तरोत्तर विकास की ओर बढ़ने वाली यह परंपरा गतिमान रहेगी। उन्होंने सभी अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि व मंच का संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक बेशरम गजलकार कृष्णकांत कामिल को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक अभिभावक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# मेजा के सॉफ्टवेयर इंजीनियर की सड़क हादसे में मौत



**प्रयागराज।** प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के उमापुर गांव से अहमदाबाद नौकरी करने गए युवक की ड्यूटी से कमरे पर जाते वक्त सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मृतक शव पैतृक गांव पहुंचतें ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना को लेकर गांव में मातम छाया हुआ है। बाइक से जा रहा था ड्यूटी : मिली जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के उमापुर निवासी हरीश नरहन द्विवेदी बीते मेज घर से नौकरी करने अहमदाबाद गया था। वह अहमदाबाद स्थित कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर पद पर कार्यरत था। रोजाना की तरह बीते शनिवार को वह ड्यूटी से कमरे पर बाइक से जा रहा था। रास्ते में उसे अनियंत्रित होकर बस ने जोरदार टक्कर मार दिया। अहमदाबाद पुलिस ने इंजीनियर को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल कराया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई। कम्पनी के कर्मचारियों ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया तो घर मे कोहराम मच गया। परिजन रोने बिलखने लगे। सूचना के बाद परिजन अहमदाबाद पहुंचे पोस्टमार्टम घर से पुलिस द्वारा शव घर के लिए लेकर निकले।जहां आज शव मृतक के पैतृक गांव पहुंचतें ही परिजनों की चीख पुकार निकल पड़ी। ग्रामीणों की जुटी भीड़ की आंखें गमनींन हो गई। समूचे गांव में मातम छा गया है। वहीं परिजनों द्वारा शव का स्थानीय डेंगुरपुर गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# फार्मेसी की छात्राओं ने निकाली लिंग संवेदीकरण रैली, किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को लिंग संवेदीकरण रैली का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग की छात्राएं सड़कों पर पदयात्रा करते हुए लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। रैली उटड ऑफिस से शुरू हुई जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्राएं स्लोगन लिखी तख्तियां हाथों में लेकर चल रही थीं और बेटी बचाने की अपील करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यह एक स्वर में ह्लजब घर में संकट आते हैं, तब बेटियां ही उससे बचाती हैंह्व और ह्लबेटा-बेटी दोनों एक समान, यह तो हैं आपकी शान ह्व जैसे नारे भी लगा रही थीं। इसमें एसआईएम नर्सिंग कॉलेज, आरकेएस नर्सिंग कॉलेज एवं राम निहोरा नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं शामिल हुई।




**कन्या भ्रूण हत्या पर है गंभीर अपराध :** रैली के समापन के बाद सीएमओ आफिस के सभागार में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

सीएमओ डॉ. आशु पांडेय ने कहा, कन्या भ्रूण हत्या रोकने, उनकी पढ़ाई पर फोकस करने के उद्देश्य से यह जागरूकता रैली आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण की जांच और कन्या भ्रूण हत्या यह गंभीर अपराध है। किसी भी डायग्नोस्टिक सेंटरों पर गर्भवती महिलाओं की जांच करना अपराध की श्रेणी में है। संगोष्ठी में जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. एके तिवारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. तीरथ लाल, डॉ. सत्येन राय, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार जायसवाल, जितेंद्र तिवारी, शालिनी साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

# सीएसआर योजनांतर्गत बाटा गया दिव्यांग्जन सहायक उपकरण

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा ब्लाक में सोमवार को आरईसी की सीएसआर योजनांतर्गत दिव्यांग्जन सहायक उपकरण वितरण शिविर में खंड विकास अधिकारी सईद अहमद की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख मेजा श्रीमती गायत्री मिश्रा ने 121 दिव्यांजनों को लाभान्वित किया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने कहा कि दिव्यांगजन को शिक्षित कर सृजनात्मक कार्यों की ओर मोड़ा जय तो वे भी राष्ट्रीय संपत्ति की वृद्धि में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। इस तरह स्वावलंबी होने से वह अपने परिवार या आश्रितों पर बोझ नहीं बनेंगे और धीरे-धीरे वह उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम भी बढ़ाता नजर आएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार दिव्यांगजन को मजबूत करने का काम कर रही है।उक्त बातें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरण समारोह में कही। यहां प्रमुख ने 121 दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण वितरित कर उनका हाल चाल जाना। सहायक विकास अधिकारी(समाज कल्याण) शुशांतु पांडेय ने बताया कि कुल 121 दिव्यांगजनों को



सहायक उपकरण वितरित किया गया।जिसमें 37 दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल,40 ट्राई साइकिल,15 व्हील चेयर,70 बैसाखी,8 कान की मशीन,5 स्मार्ट केन,एक एडीएल किट,13 कृत्रिम अंग प्रदान किया और उनका हौसला बढ़ाया। सहायक उपकरण पाकर दिव्यांगजनो के चेहरे खुशी से खिल उठे।कार्यक्रम का संचालन प्रधान संघ के जिला प्रभारी अनिल शुक्ल ने किया।इस मौके पर जिला दिव्यांग अधिकारी नंद किशोर यांग्यी,सुरेंद्र सिंह,संजय तिवारी,आशुतोष मिश्र,राहुल मिश्र समेत ब्लाक के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंत्री नंदी ने दो दिवसीय ईट राइट मिलेट्स मेला-2023 का फीता काटकर किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दो दिवसीय ईट राइट मिलेट्स मेला-2023 के आयोजन के अन्तर्गत जिला पंचायत सभागार एवं प्रांगण में श्री अन्न/मिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉल/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी ने फीता काटकर ईट राइट मिलेट्स मेला का उद्घाटन किया तथा वहां परअन्न/मिलेट व्यजनों पर आधारित स्टॉल/ प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मोटे अनाजों से बने व्यजनों का आनंद लिया। मंत्री जी ने 09 कन्याओं को मिलेट्स किट्स का वितरण किया। कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज, ज्वाला देवी इण्टर कालेज सिविल लाइन, रॉयल पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मंत्री जी ने वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज के प्रयोग से आपका जीवन स्वस्थ्यमय रहेगा। जैसा अन्न, वैसा हमारा तन और मन, यह बहुत ही पुरानी कहावत है। आज यह वास्तविकता में बदल रहा है। आज हम सभी लोग ऐसे भोज्य पदार्थों का ज्यादातर ग्रहण कर रहे है, जिससे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आज की पीढ़ी मोटे अनाज के फायदों से पूरी तरह अंजान है। आज पूरा विश्व वर्ष 2023 को मिलेट्स दिवस के रूप में मना रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह ने मोटे अनाज से होने वाले लाभों के बारे बताया कि इसके सेवन से शरीर के अंग स्वस्थ रहेंगे तथा अपना कार्य बेहतर तरीके से करेंगे। यह सभी फसल

### 09 कन्याओं को मिलेट्स किट्स का किया वितरण



आर्गेनिक फूड्स है। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी अच्छा आहार लेने की बात तो करते है, लेकिन खाने में लापरवाही बरतते है। कुछ वर्षों पहले तक हम सभी लोग मोटे अनाज का प्रयोग अपने खाने में किया करते थे, लेकिन अब नई पीढ़ी इसके फायदों से अंजान है और उसे भूल गये है। और स्वास्थ्य का भी नुकसान हो रहा है। आज कल मोटापा, ब्लड प्रेशर, सूगर आदि बीमारियां बढ़ी है, इसका एक प्रमुख कारण पौष्टिकता से भरपूर मोटे अनाज का सेवन न करना है। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चैधरी, सिटी मजिस्टेट सत्यप्रिय सिंह, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, सहायत आयुक्त खाद्य द्वितीय ममता चौधरी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा का हुआ भव्य शुभारंभ

## सभी ब्लॉक मुख्यालयों में फीता काटकर हुआ उद्घाटन



अवार्ड के साथ कर्मराज सिंह।

## कर्मराज सिंह को मिला बेस्ट लिब्रो अवार्ड

**प्रतापगढ़।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज वॉलीबॉल टूनार्मेंट सेंट्रल स्टेडियम त्रिवेंद्रमपुरम निकट सचिवालय केरल में आईटीआई प्रतापगढ़ के वरिष्ठ सहायक कर्मराज सिंह मनजीत को बेस्ट लिब्रो अवार्ड मिला है। बता दें कि प्रतापगढ़ जनपद के इतिहास में पहली बार ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज के मनजीत सिंह लगातार 3 नेशनल और लिब्रो अवार्ड लेकर प्रतापगढ़ जनपद और आईटीआई का नाम रोशन किया जिससे जनपद के सभी खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है।



सांसद खेल स्पर्धा कार्यक्रम में खिलाड़ी को प्रमाण पत्र देते शिव प्रकाश मिश्र।

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी लोकसभा के सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप के प्रभारी विनोद सोनकर के प्रयास से कौशांबी विकास परिषद द्वारा आयोजित सांसद खेल स्पर्धा का शुभारंभ सोमवार को हुआ।

कुंडा ब्लॉक के तुलसी इंटरमीडिएट कॉलेज बाबूगंज जमेठी में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं बाबागंज के लक्ष्मीगंज स्थित खेल ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कालाकांकर ब्लाक के मदन मोहन मालवीय पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में कॉलेज के प्राचार्य डॉ शिवम श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

बिहार ब्लॉक पुवांसी खेल मैदान में जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कुंडा, बाबागंज, बिहार में सोमवार को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालाकांकर में एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी पूरे उत्साह से खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भाजपा नेता शिव प्रकाश मिश्र सेनानी ने कहा इस तरह के खेल के आयोजन होने चाहिए, जिससे गांवों में छुपी प्रतिभा को निखारने का अवसर युवाओं को मिलता है। कार्यक्रम में सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रत्याशी योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, उदय शंकर पाण्डेय, आशुतोष जायसवाल डिंपू, जिला महामंत्री सतीश चैरसिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, संतोष तिवारी, अजय साहू, देश दीपक जोशी, दिनेश उपाध्याय, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, ओम प्रकाश गौतम, संजीव शुक्ल, मोनू शुक्ल, आशुतोष मणि द्विवेदी, मोहित मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## डिग्री कालेज कालाकाकर में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एमएमपीजी कॉलेज कालाकाँकर के मैदान पर सोमवार को सांसद खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव के हरी झंडी दिखाकर किया जिसमें सांसद प्रतिनिधि डिम्पू जायसवाल, शीतला प्रसाद सोनकर, शिवप्रसाद मिश्र सेनानी, युवा कार्यक्रम कल्याण अधिकारी देशदीपक जोशी आदि लोग उपस्थिति रहे। खेलकूद में एथलेटिक्स की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 600 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एस.पी.सिंह चैहान, बेसिक शिक्षा विभाग के ब्लाक व्यायाम शिक्षक आदित्य त्रिपाठी तथा अमरनाथ, अखिलेश्वर, अनूप कुमार, अनन्तराम, हरिनारायण, अबरार अहमद, ब्यास कुमार मौर्य, रविशंकर सोनकर, दीपिका आदि ने निष्पक्ष तरीके से प्रतियोगिता सम्पन्न कराई।



एनएसएस शिविर में मौजूद शिक्षक व छात्रगण।

## भारतीय संस्कृति एक सामाजिक संस्कृतिः डा0 देवेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवे दिन के प्रथम सत्र में भारतीय संस्कृति एवं आधुनिकता पर व्याख्यान देते हुए डॉ देवेश सिंह ने बताया कि संस्कृति एक परिष्कृत विचार है। भारतीय संस्कृति एक सामासिक संस्कृति है जिसमें स्वतंत्रता व संलयन जैसे तत्व इसके विविधता पूर्ण स्वरूप को निर्धारित करते हैं। रूढ़ि व संस्कृति में अंतर को स्पष्ट करते हुए छात्रों को लोक कल्याण के लिए प्रेरित किया। सत्र का संचालन डॉ कुलदीप सिंह ने किया व डॉ धर्मेंद्र सिंह ने अतिथियों को अभार ज्ञापित किया। दूसरे सत्र में डॉ नीरज पांडे ने छात्रों को करियर से सम्बन्धित नवीन क्षेत्रों की जानकारी दी तथा सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर बल दिया। साथ ही कार्यक्रमाधिकारी प्रणव ओझा व डॉ नीरज त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण पर एक जागरुकता रैली भी निकाली।

## एसडीएम ने तालाब पर अवैध कब्जे को खाली कराने का दिया आदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित तालाबी अराजी की जमीन पर वर्षो से कब्जा जमाये भूमाफिया से जमीन को मुक्त कराया गया। खानापट्टी निवासिनी शमीम बानो पत्नी मो. जमा नगर स्थित तालाबी अराजी की करीब तीन बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। एसडीएम उदयभान सिंह ने उक्त जमीन को भूमाफिया के कब्जे से खाली कराये जाने का आदेश पारित किया है।

## विद्युत चोरी का वांछित धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने विद्युत चोरी के आरोप मे वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा योगेन्द्र सोमवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर से एक वांछित के अपने घर पर मौजूद होने की सूचना मिली। दरोगा ने हमराहियो के साथ घेराबंदी करके पूरे नयन टोडरपुर निवासी ब्रम्हानंद पाण्डेय पुत्र सुमेर पाण्डेय को उसके घर के पास से धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि आरोपी को नयायालय भेज दिया गया है।

# जलकल विभाग के चौकीदार की मौत से नगर पालिका में शोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के जलकल विभाग का चैकीदार भारत सिंह का हार्टअटैक से मौत हो जाने से आज नगर पालिका में एक शोक सभा की गई जिसमें अधिषाषी अधिकारी राम कुरील ने कहा कि आज हमने जलकल विभाग के एक अच्छे कर्मचारी को खो दिया है जिससे आज पूरे नगर पालिका के कर्मचारियों का मन दुखी है।

उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी का अचानक दुनिया से चले जाने से साथियों पर भी गहरा धक्का लगता है। आज भारत सिंह के व्यवहार व कार्यों की चर्चा कर्मचारियों के बीच होती रही। अधिषाशी अधिकारी राम अचल कुरील के प्रस्ताव पर दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गई तथा परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस संकट की घड़ी में हर संभव सहायता करने का आष्वासन भी दिया गया। शोक सभा में दोनों आरआई लाल बहादुर व राजेष बिंद, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, सफाई प्रभारी प्रषांत सिंह, मिथिलेष सिंह सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।



चौकीदार की मौत पर शोक जताते ईओ व अन्य।

## बच्चों की प्रस्तुति देख निहाल हुए अभिभावक, थिरकने को हुए मजबूर

**संस्कार प्रज्ञा वर्धन अकैडमी के वार्षिक उत्सव सम्पन्न**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सधे कदमों से थिरकते हुए अपने ही बच्चों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखकर अभिभावक और दर्शक निहाल उठे। अवसर था शनिवार की शाम संस्कार प्रज्ञा वर्धन अकैडमी में वार्षिकोत्सव का। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मधुसूदन आचार्य जी महाराज मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मधुसूदन आचार्य महाराज ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। उसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत हुई। राष्ट्रभक्ति के गीतों एवं विभिन्न प्रदेश के गीत संगीत की धुन पर थिरकते बच्चे ऐसा महसूस करा रहे थे जैसे वह सभी सधे हुए कलाकार हो गए हैं। एक से बढ़कर एक प्रस्तुति, गीत, संगीत नाटक सब कुछ बहुत ही उम्दा तरीके से प्रस्तुत करते हुए बच्चों को देखने के लिए हजारों की भीड़ रात साढ़े नौ बजे तक डटी रही। इस बीच सदर के विधायक राजेंद्र मौर्य ने भी कार्यक्रम में अपना आशीर्वचन प्रदान किया।

विद्यालय के प्रगति के संबंध में बच्चों ने जो बातें बताई उससे ऐसा लगा कि एमडी श्रीमती नीतू राजेश अग्रवाल की सोच के हिसाब से ही विद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत गान, स्वागत भाषण,सरस्वती वंदना, नालंदा विश्वविद्यालय पर प्रस्तुति, विभिन्न गीत संगीत पर नृत्य, साहित्य सहित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से विद्यालय के संरक्षक जय नारायण अग्रवाल, डॉ घनश्याम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विधायक पुत्र मनीष मौर्य, विजय मौर्य सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आए हुए अतिथियों का स्वागत नीतू अग्रवाल एवं उनके पुत्र वेंकटेश श्रीनिवास अग्रवाल ने किया।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

# पुआल से लदा ट्रैक्टर गेट से टकराया, चालक की मौत

## घटना की खबर मिलते ही परिजनों ने अस्पताल का गेट बन्द कर किया हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के संग्रामगढ़ थाना में रविवार की देर शाम पुआल से लदा ओवर लोड ट्रैक्टर संग्रामगढ़ थाने के गेट की ऊंचाई वाले भाग से टकरा गया जिससे ढह ढहाकर गेट का ऊपरी भाग ट्रैक्टर के चालक के ऊपर गिर गया जिससे चालक गेट के मलवे में दब गया जिसे पुलिस ने किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए सीएससी संग्रामगढ़ ले गए जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत्यु घोषित कर दिया।

बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के विजईमऊ निवासी रितिक यादव (22) वर्षीय रविवार की देर शाम ट्रैक्टर पर पुआल लादकर जिला पंचायत की गौशाला ले जा रहा था कि संग्रामगढ़ थाने के सामने बने गेट की ऊंचाई वाले भाग से प्रवेश करते समय ओवरलोड पुआल से लदा ट्रैक्टर टकरा गया जिसे गेट का मलवा जोरदार आवाज के साथ चालक के ऊपर गिर गया जिससे चालक रितिक उसी मलबे में दब गया गेट गिरने की आवाज सुनकर सभी पुलिस कर्मी गेट की तरफ दौड़ पड़े और मलवे में दबे रितिक को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और सीएससी लेकर भागे जहा गंभीर रूप से घायल रितिक को चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग अस्पताल पंहुच गए शव देख चीख पुकार मच गई और परिजन लोगो ने अस्पताल का गेट बन्द करके हंगामा खड़ा कर दिया और शव का पीएम कराने से इंकार कर दिया। परिजनों के हंगामा देख संग्रामगढ़ पुलिस के हाथ पांव फूल गए और घटना की जानकारी से सीओ लालगंज के साथ एडिशनल एसपी को अवगत कराया जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारी लोग मौके पर पहुंच गए। परिजन लोग डीएम व एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। बवाल की आशंका को देखते हुए सर्किल की लालगंज, मानिकपुर व महेशनगंज पुलिस फोर्स भारी संख्या में पहुंच गई और पूरा परिसर छावनी में तब्दील हो गया।

### सीओ लालगंज के आश्वासन पर परिजन लोग पीएम को हुए राजी

मौके पर एडिशनल एसपी पश्चिम रोहित मिश्र व सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर के काफी समझाने बुझाने पर परिजन लोग शव का पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली पुलिस ने आनन फानन में शव की लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। पुलिस अधीक्षक पश्चिमी रोहित मिश्र ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना जताई। बता दे कि थाना परिसर के सामने बना प्रवेश गेट दो दशक पूर्व बनाया गया था जो सड़क की ऊंचाई व थाने परिसर का गेट छोटा होने के कारण पुआल से लदा ट्रैक्टर फस गया जिससे गेट का ऊपरी भाग ढह ढहाकर गिर पड़ा यदि गेट की गुणवत्ता मानक के अनुसार होती तो शायद रितिक की जान बच जाती।

# प्रेमी युगल का बाग में लटकता मिला शव, हड़कंप

## नवयुवक की गांव के ही एक विवाहिता से चल रहा था प्रेम सम्बन्ध

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बकुलाही गांव में एक प्रेमी-प्रेमिका का शव बाग में लटकने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना गांव व क्षेत्र में आग की तरह फैली तो भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची और दोनों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बताया जाता है कि दोनों के बीच प्रेम सम्बन्ध था जो घरवालों व गांववालों को कुबूल नहीं था। इससे क्षुब्ध होकर दोनों ने गले में फंदा डालकर बाग में आत्महत्या कर ली।

घटना के बारे में बताया जाता है कि पृथ्वीगंज के पास गांव के 19 वर्षीय एक युवक सचिन वर्मा का इसी गांव की एक 35 वर्षीय महिला से प्रेम हो गया था। महिला के पति का तीन वर्ष पहले देहान्त हो जाने पर गांव का सचिन नामक युवक उक्त महिला के नजदीक आया और दोनों में प्रेम हो गया। महिला के दो बच्चे हैं जिनकी उम्र नौ वर्ष व सात वर्ष है। उन दोनों को भी अनाथ छोड़कर वह प्रेम जाल में फंसकर अपनी जीवन लीला प्रेमी के साथ समाप्त कर ली। महिला रुप से दूसरे धर्म की बताई जाती है। 12 वर्ष पहले उसने धर्म परिवर्तन बकुलाही गांव के अर्जुन वर्मा से विवाह कर लिया था। दो बच्चे भी हुए लेकिन अर्जुन की तीन वर्ष पहले मौत हो जाने के बाद महिला की जिन्दगी में सचिन नामक युवक प्रवेष कर गया जिसकी परिणति आज दोनों की आत्महत्या से हुई। इस क्षेत्र की पूरे क्षेत्र में चर्चा है।

# सड़क सौगात मिलने से ग्रामीणों मे खुशी, विधायक मोना के प्रति जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र मे विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सड़क सौगात मिलने पर ग्रामीणों मे खुशी देखी गयी। लालगंज ब्लाक के जगन्नाथपुर गांव मे संपर्क मार्ग के पुर्ननिर्माण के लिए शासन द्वारा अडतीस लाख पचपन हजार रुपए की धनराशि आवंटित हुई है।

वहीं सांगीपुर के अलावलपुर, कुम्भीआइमा के लिए विधायक मोना के प्रयास से पूर्वाचल राज्यांश योजना के तहत नई पिच मार्ग की सौगात पाकर ग्रामीण मगन दिखे। एक किलोमीटर से अधिक बनने वाले पिच मार्ग के लिए नवासी लाख रुपए अवमुक्त किया गया है। जानकारी मिलने पर सोमवार को जगन्नाथपुर तथा अलावलपुर में ग्रामीणों मे खुशी देखी गयी। जगन्नाथपुर के प्रधान देशराज यादव, राकेश सिंह, सुधाकर मिश्र, ज्ञानपाल तिवारी, भूपेन्द्र तिवारी काजू तथा अलावलपुर के प्रधान मुन्ना सिंह, राजपति सिंह, प्रभात ओझा, मो. मुस्ताक, अशरफ आदि ने सौगात के लिए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक मोना के प्रति धन्यवाद जताया है।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड में चल रहे श्रीमदभागवत कथा मे श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है। कथाव्यास आचार्य विद्याभूषण शुक्ल ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुडी विभिन्न कथाओं का रसपान कराया। कथाव्यास ने बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए मां यशोदा को भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अपने मुख में ब्रम्हाण्ड के दर्शन कराना राजक्षी पूतना का वध करना, कलिया नाग का मानमर्दन करना, श्रीकृष्ण का गायों के साथ प्रेमभाव तथा सखाओं के साथ माखन चोरी आदि प्रसंगो का भावपूर्ण वर्णन किया। आयोजक श्यामसुंदर त्रिपाठी व निर्मला त्रिपाठी ने व्यासपीठ का पूजन किया। भागवत कथा का संयोजन अधिवक्ता शेष नाथ त्रिपाठी ने किया। शम्भूनाथ त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके सुमित तिवारी, ज्ञानू तिवारी, अखिलेश द्विवेदी, पप्पू मिश्र, आचार्य रामअवधेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## पट्टी बाजार आए युवक की बाइक चोरी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाजार में खरीदारी करने के लिए आये युवक की बाइक चोरी हो गई। काफी देर के बाद जब बाइक नहीं मिली तो पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में तहरीर दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के तातो मुरैनी गांव का रहने वाला संतलाल गुप्ता सोमवार को पट्टी बाजार आया हुआ था बाजार में बाइक खड़ी करके वह कुछ सामान लेने लगा आधे घंटे बाद जब वह बाइक के पास पहुंचा तो बाइक गायब हो गई थी काफी खोजबीन के बाद जब बाइक नहीं मिली तो उसने पट्टी कोतवाली में बाइक के गायब होने की तहरीर दिया है।

# अधिवक्ता हितों पर संघर्ष के वायदे पर प्रत्याशियो की समर्थन की गुहार

**दक्षता भाषण में विभिन्न पदों के उम्मीदवारों ने अधिवक्ताओं के समक्ष रखा पक्ष**

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के आज मंगलवार को चुनाव के तहत प्रत्याशियों का मतदान के ठीक एक दिन पूर्व सोमवार को तहसील परिसर मे स्थित पार्क मे दक्षता भाषण कराया गया। वहीं आज मंगलवार को होने वाले संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए प्रातः नौ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक मतदान होगा। इसके बाद साढ़े तीन बजे के बाद मतगणना शुरू होगी। मतगणना के ठीक बाद चुनाव परिणामों की घोषणा भी होगी। इसके पहले सोमवार को तहसील पार्क मे प्रत्याशियों का दक्षता भाषण दिन भर चुनावी सरगर्मी मे दिखा।

अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष तथा महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष तथा सह मंत्री पद के उम्मीदवारों ने अपने दक्षता भाषण मे संघ की एकता तथा अधिवक्ताओं के मुददो पर संघर्ष की हुंकार भरी। प्रत्याशियों को खचाखच भरे पार्क मे भाषण के जरिए साथी अधिवक्ताओं से समर्थन जुटाने के लिए अपने चुनावी वायदे भी प्रभावी ढंग से रखते देखा गया। दक्षता भाषण के दौरान बीच बीच मे समर्थक अधिवक्ताओं द्वारा अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे व प्रत्याशियों की हौंसला आफजाई मे बीच बीच मे तालियों की गड़गडाहट भी चुनावी सरगर्मी को तेज किये हुये दिखी। प्रत्याशियों ने भाषणों के जरिये शेरो व शायरी तथा कविताओं से भी समर्थन की समां बांधी। प्रत्याशियों के बीच प्रतिद्वंदियों को लेकर एक दूसरे के खिलाफ बिना नाम लिये बीच बीच मे तीखे वार तथा इशारे ही इशारे मे कसे गये तंज को देख सुन आम अधिवक्ताओं का ठहाका भी गूंजता दिखा। वहीं मतदान के ठीक एक दिन पहले भी तहसील चुनावी रंग मे गुलजार रही। दक्षता भाषण कार्यक्रम की अध्यक्षता चुनाव समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र तथा पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ल गुडडू ने किया। समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह ने प्रत्याशियो को आदर्श आचार संहिता की बिंदुवार जानकारियां दी। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मतदान मे पांच सौ चार अधिवक्ता शामिल होंगे। उन्होने बताया कि मतदाताओ को चुनाव समिति की ओर से उपलब्ध कराई गई पेन से ही मतदान करना होगा। श्री ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मतदान को लेकर तहसील परिसर मे सुरक्षा के प्रबन्धों के बाबत समिति की ओर से डीएम व एसपी एवं एसडीएम व सीओ को पत्र लिखा गया है। चुनाव समिति ने अपनी ओर से प्रशासन के लिए प्रबन्धों के बाबत एडवाइजरी भी जारी की है। इस मौके पर चुनाव समिति के राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, विकास मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, राजेन्द्र मिश्र दक्षता भाषण के आयोजन के प्रबंधन में मशक्कत करते दिखे।

## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त शुखलाल पुत्र स्व0 केजीलाल निवासी हाजीपुर पतौना थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त बबलू पुत्र रमजानी खान निवासी अशोक नगर कस्बा व थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना पश्चिम शरीरा से तीन थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से पांच कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री बरामद दो अभियुक्त गिरफ्तार

### फतेहपुर जनपद का पेशेवर अपराधी कौशांबी में संचालित कर रहा था अवैध शस्त्र फैक्ट्री

**अखंड भारत संदेश**




तमंचा फैक्ट्री खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** मोहब्बत पुर पैसा थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अवैध शस्त्र कारतूस और तमंचा फैक्ट्री संचालन में उपयोग आने वाले उपकरण बरामद किया है पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि ग्राम उदहिन खुर्द में आशीष सिंह उर्फ मझा के ट्यूबेल पर अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री चल रही है सूचना पर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा ग्राम उदहिन खुर्द में दबिश दी गयी जहां से दो व्यक्ति विकास सिंह पुत्र शिवप्रताप सिंह निवासी ग्राम उदहिन खुर्द थाना मोहब्बतपुर पइन्सा व नारेन्द्र कुमार पासी पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम कोट अबईया थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर अभियुक्तों की जामातलासी से विकास सिंह उपरोक्त के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा नारेन्द्र कुमार पासी उपरोक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद होने पर तथा ट्यूबेल के कमरे की तलाशी के दौरान अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में मोहब्बत पुर पइंसा थाना पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के बालकमऊ उपकेंद्र से जुड़े गांवों में बिजली की अघोषित कटौती का सिलसिला नहीं थम रहा है। रोस्टर की कटौती के साथ मिलने वाली आपूर्ति भी कई घंटे नहीं मिलती है। आधी रात बाद नींद आते ही बत्ती तीन घंटे के लिए गुल हो जाती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि शिकायत के बाद भी बिजली विभाग के जिम्मेदार खामोश हैं, जिसे लेकर उपभोक्ताओं में रोष है। सिराथू ब्लॉक के बालकमऊ उपकेन्द्र में बिजली आपूर्ति के लिए तीन फीडर बनाए गए है। इन फीडरों से लगभग 30 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। बिसारा फीडर से जुडे गांवों को रोस्टर के मुताबिक आपूर्ति नहीं की जा रही है। रात आघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान है। उपकेन्द्र से अघोषित बिजली की कटौती नहीं थम रही है। रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से गांवों में अधेरा छाया रहता है। सबसे ज्यादा परेशानी उपभोक्ताओं को आधी रात होती है। रात एक बजे तीन घंटे की रोस्टिंग किए जाने से उपभोक्ता रतजगा हो रहे है। जिसकी शिकायत भी कई बार उपकेन्द्र के जिम्मेदारों से की पर ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है। इलाके के श्यामलाल, विजय, संजय, धर्मराज, अजय कुमार आदि लोगों का कहना है कि जो भी बिजली आपूर्ति मिलती है वह ट्रिपिंग का शिकार को जाती है। शिकायत के बाद जिम्मेदार खामोश है। जिसे लेकर लोगों में रोष है। ब्रम्हदत्त मिश्रा, रज्जन पांडेय, शशि तिवारी आदि का कहना है कि बालकमऊ उपकेंद्र से जुडे गांवों में आधी रात तीन घंटे की रोस्टिंग किए जाने से उपभोक्ता रतजगा को मजबूर हैं। इसकी शिकायत भी कई बार अधिकारियों से की गई पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

### 6 वर्षों पूर्व नाबालिग बालिका के साथ आरोपी ने किया था दुष्कर्म



**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर अंतर्गत 08 फरवरी 2017 को एक नाबालिग बालिका से दुष्कर्म किए जाने के मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर अर्थदंड लगाया है पीड़ित नाबालिग बालिका की माँ द्वारा थाना मझनपुर पर सूचना दी गयी कि अभियुक्त द्वारा मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया गया है इस सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर पॉक्सो एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त रमेश पुत्र बाबू लाल निवासी ऊनो थाना मंझनपुर जनपद को पुलिस ने जेल भेजा था मामले की सुनवाई न्यायालय एडीजे 09 द्वारा की गई वादी और गवाह के बयान परिस्थिति जन्य साक्ष्य अधिवक्ताओं के जिरह बहस के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विवेचक ने पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 10 वर्ष कठोर कारावास तथा 7000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न अदा करने पर 01 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

# खेत में टहलने निकले सराफा व्यापारी की कुएं में गिरकर मौत

### शव घर पहुंचते ही परिजनो में मचा कोहराम, रविवार को देर शाम कुएं में गिर गए थे

**अखंड भारत संदेश**




मृतक सराफा व्यवसाई फाइल फोटो

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी कस्बे के व्यवसाई चाचा भतीजे रविवार की शाम को खेत की ओर टहलने गए थे बिसुई पर के समीप रविवार की शाम को टहलने निकले चाचा भतीजा एक मुंडेर विहीन सूखे कुएं में अचानक गिर गए कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और फायर कर्मियों ने दोनो को बाहर निकाला कुएं से निकालने के बाद चाचा की हालत गंभीर है वहीं भतीजे की ईलाज के दौरान मौत हो गई है मौत की खबर लगती है परिवार में कोहराम मच गया है। भरवारी कस्बे के महेश सोनी उम्र लगभग 50 वर्ष अपने भतीजे दीपू सोनी के साथ प्रतिदिन सुबह शाम टहलने जाते थे रविवार की शाम चाचा भतीजे बिसुई गांव की ओर टहलने निकले थे दोनो टहलते बातचीत में इतने मगन हो गए कि मुंडेर विहीन कुएं में कब गिर गए पता नहीं चल पाया, कुएं में गिरने के बाद दोनो बेहोश हो गए जब होश आया तो महेश सोनी ने घर में मोबाइल से फोन करके बताया कि दोनो लोग कुएं में गिर गए हैं ' कुएं में गिरने की सुचना पर परिजनों ने मुहल्ले के लोगों को साथ लेकर खोजबीन शुरू की ' रात लगभग 8 बजे लोगो ने दोनो को खोज निकाला और पुलिस को सूचना दी ' सूचना पर पहुंची डायल 112 और भरवारी चौंकी पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सुचना दी और दोनो को निकालने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद भतीजे दीपू सोनी को कुएं से बाहर निकाला और गम्भीर हालत को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज भेजा, जहां रात्रि ड्यूटी में लगे डॉक्टर चंद्र भूषण चौरसिया ने ईलाज शुरू किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण ईलाज के दौरान दीपू की मौत हो गई।पुलिस ने मृतक दीपू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।वही पोस्टमार्टम के बाद शव जैसे ही घर पहुंचा परिवार और मोहल्ले के लोगो में कोहराम मच गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 118 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 02 वाहनों से 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।



समूह को मशीन प्रमाण पत्र देते अजीत प्रजापति

## समूह को निशुल्क दी गई मशीनें

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के अन्तर्गत लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समूह को बढ़ावा दिया जा रहा है इसी क्रम में जिले के एक समूह को निशुल्क मशीनें उपलब्ध कराई गयी हैं कार्यक्रम का आयोजन सरस हाल विकास भवन मंझनपुर में किया गया है जहाँ तमाम अधिकारी कर्मचारियों और ग्रामीण लोग मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के सदस्य अजीत प्रजापति द्वारा एक समूह को 8 मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीनें एवं 01 दीया मशीन का निशुल्क वितरण किया गया है 11 सदस्यो का एक समूह बनाकर विजय कुमार पुत्र केशन लाल ग्राम चकसई गंज पोस्ट कसिया ने योजना में आवेदन किया था जिस पर उन्हें चयन कर योजना के अंतर्गत 8 मोटराईज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीनें एवं 01 दीया मशीन उपलब्ध कराई गई है।

## न्यूज झरोखा

### शमशाबाद में 29 मार्च को होगा अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शमशाबाद में धर्मशाला स्थित शिव मंदिर में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 29 मार्च को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा अखंड रामायण पाठ का समापन 30 मार्च को होगा ग्राम पंचायत के समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से अखंड रामायण पाठ का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी ग्राम प्रधान अर्चना कसेरा ने दी है।

### आज होगा भव्य श्रीराम शोभा यात्रा का आयोजन

**करारी कौशाम्बी।** प्रभु श्रीराम के जन्मदिन राम नवमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी करारी कस्बे में भव्य शोभायात्रा का आयोजन नगर वासियों ने किया है जिसमें हजारों लोग शामिल होंगे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी करारी कस्बे में श्रीराम शोभायात्रा बड़े ही हर्षोल्लाष, बाजे गाजे के साथ निकाला जायेगा! यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद् के जिला संगठन मंत्री विकास कुमार ने दिया है उन्होंने बताया कि 28 मार्च दिन मंगलवार को शांयकाल 4 बजे श्रीराम शोभायात्रा करारी कस्बे के रामलीला मैदान कृष्ण नगर से आरम्भ होकर सोनारनटोला, अशोक नगर ,किंग नगर, इंद्रानगर होते हुए पुनः रामलीला मैदान में समाप्त होगी! विहिप संगठन मंत्री ने नगर वासियों व क्षेत्र वासियों से शोभायात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया है।

### जुआँ खेल रहे सात अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा सात अभियुक्तों भीम सरोज पुत्र भूरीलाल निवासी म्योहर थाना कड़ाधाम राम सजीवन पुत्र रामभव निवासी चक सैनी थाना सैनी शेरू पुत्र लाल मिया निवासी इस्माइलपुर थाना कड़ाधाम शुभम पुत्र बलदेव निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम पुष्पेन्द्र पुत्र मखनलाल निवासी नरसिंहपुर कछुवा थाना सैनी संतोष पुत्र लखनलाल निवासी म्योहरा थाना कड़ाधाम तीरथ पुत्र मुन्नालाल निवासी म्योहरा थाना कड़ाधाम को सार्वजनिक स्थान पर हार–जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 3700 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 440 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

### मारपीट में सात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के भैला मकदूमपुर गांव में दबंगों ने घर में घुसकर कुनबे को पीट दिया। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।भैला मकदूमपुर गांव की विमला देवी पत्नी राम बहोरी का पड़ोसी गांव के एक परिवार से पुराना विवाद चल रहा है। इसी अदावत में दो दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हो गई। पड़ोसी साथियों के साथ महिला के घर पर आ गया। घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने कुनबे को पीट दिया। पड़ोसी के घर हंगामा देख गांव के अन्य लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। महिला परिवार के साथ शिकायत लेकर करारी थाना पहुंची। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर आरोपित राम सुरेश, संतराम, मंजु देवी समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर कुनबे से की मारपीट

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के धुमाई गांव में रविवार की रात दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को पीट दिया। आरोप है कि नामजद शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।खरका मोहल्ले की अंशुला पत्नी राम भवन का लपड़ोसी से रंजिश चल रही है। इसी अदावत में रविवार की रात दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर दबंगों ने अंशुला के साथ कुनबे को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच–बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। दबंगों के चंगुल से छूटी विवाहिता शिकायत लेकर थाने पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित रामू, लालता समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अधेड़ को युवक ने दी जान से मारने की धमकी

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के सोधियां निवासी विनय कुमार का पड़ोसी अजय से दीवार उठाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद आरोपित ने दीवार गिरा दी। विरोध करने पर आरोपितों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। हंगामा देख घर–परिवार के लोगों ने बीच–बचाव करते हुए मामला शांत कराया। देर शाम पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी क्षेत्र के ढोसकहा निपवासी कंधई लाल पत्नी निशा देवी के साथ सरायअकिल बाजार गया था। घर लौटते समय फकीराबाद चैराहे के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला बाल–बाल बच गई, वहीं कंधई लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत भाग निकला। स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर आरोपित चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 15 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तको का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सध्ये पुत्र नत्थू निवासी व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 7 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त भुल्लन निषाद पुत्र राम शरण निषाद निवासी बड़ागढ़वा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 8 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त चालान न्यायालय कर दिया है।

# बेमौसम बारिश से फसल बर्बाद, महंगे हो गए फूल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में बारिश से फूलों की फसल खराब हो गई है। इससे बाजार में फूलों की कमी होने लगी है। इसका असर नवरात्र में गेंदा और गुलाब के फूलों के दाम पर पड़ रहा है। फूल महंगे होने के कारण नवरात्र में श्रद्धालुओं को दोगुना दाम पर फूल खरीदना पड़ रहा है। शीतलाधाम कड़ा क्षेत्र में आम के अलावा बड़े स्तर पर फूलों की खेती की जाती है। यहां गेंदा, गुलाब, कनेर, चमेली, मोगरा की खेती की जाती है। दो दिन बारिश के बाद गेहूं व सरसों और सब्जी की फसल के साथ फूलों की फसल भी खराब हो गई है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण लगभग 60 प्रतिशत फसल का नुकसान हुआ है। फूलों की फसल खराब होने से फूलों के दाम दोगुने तक बढ़ गए हैं। नवरात्र में श्रद्धालुओं को पूजा के लिए अधिक दाम में फूल खरीदना पड़ रहा है।

### तो फूल की खेती के लिए नहीं बनता मुआवजा

**कौशाम्बी।** फूलों की खेती करने वाले किसानों को प्रशासन की ओर से कोई मुआवजा नहीं मिलने वाला है। न ही इनको सर्वे में शामिल किया गया है। किसानों के अनुसार, आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से लगभग आठ हेक्टेयर फसलों का नुकसान हुआ है। इनमें फूलों की खेती को शामिल नहीं किया गया है। फूलों की खेती करने वालों को भारी नुकसान हुआ है,लेकिन उनके बारे में तहसील प्रशासन चर्चा तक नहीं करना चाहता। जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने बताया कि लगभग आठ हजार हेक्टेयर फसल का नुकसान हुआ है। किसानों की रिपोर्ट भेज दी गई है। जल्द ही इनको मुआवजा दिलाया जाएगा। फूलों की खेती के लिए फिलहाल कोई व्यवस्था नहीं है।

# नवरात्रि के छठे दिन भक्तो ने किया भगवती कात्यायनी का पूजन

**अखंड भारत संदेश**

### कड़ा के शीतला सहित विभिन्न देवी मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता



**कौशाम्बी।** चैत्र नवरात्रि के छठे दिन विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों ने भगवती कात्यायनी का भव्य श्रृंगार किया। इस दौरान कड़ा स्थित भगवती शीतला मंदिर पहुंच कर भक्तों ने भगवती के छठे स्वरूप का विधि विधान से पूजन अर्चन कर दर्शन किया। इस तरह से जिले के विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों का तांता रहा।मान्यता के अनुसार कहा जा रहा है कि एक प्रसिद्ध महर्षि ने जिनका नाम कात्यायन था, जो भगवती जगदम्बा को पुत्री के रूप में पाने की कठोर तपस्या की। कई हजार सालो की कठिन तपस्या के बाद महर्षि कात्यायन के यहां देवी जगदम्बा ने पुत्री रूप में जन्म लिया और कात्यायनी कहलायी। यह बहुत ही गुणवती थी। इनका प्रमुख गुण खोज करना था इसीलिए वैज्ञानिक युग में देवी कात्यायनी का सर्वाधिक महत्व हैं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी है। इस दिन साधक का आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और आज्ञा चक्र में स्थित होने के कारण मां कात्यायनी के सहज रूप से दर्शन प्राप्त होते है। साधक इस लोक में रहते हुए अलौकिक तेज से युक्त रहता हैं। एक मान्यता यह भी है कि गोपियों ने कृष्ण की प्राप्ति के लिए देवी कात्यायनी की पूजा की थी साथ ही विवाह संबंधी मामलो के लिए इनकी पूजा सबसे अचूक मानी जाती है। इनकी पूजा से योग्य और मनचाहा पति की मनोकामनाएं पूरी होती है। ज्योतिष में बृहस्पति देव का सम्बंध मां कात्यायनी से माना जाता है। कडाधाम में नवरात्रि के छठे दिन भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे। मेला में कोई अप्रिय घटना ना हो सके इसलिए भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही, वही थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित मय फोर्स मेले का निरीक्षण करते रहे।

# ओनलाइन संस्कृत शिक्षण से स्थापित किया कीर्तिमान

**अखंड भारत संदेश**

### विनय श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कृत सेवा पोर्टल की आगे है योजना




**कौशाम्बी।** उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा कोरोना काल से ही निरंतर ओनलाइन कक्षाएं संचालित हैं जो अपने आप में एक बहुत बडी उपलब्धि हैं संस्थान द्वारा संचालित वर्ष 2022-23 के मासीय सत्र के समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान गीतिका से हुआ । शिक्षार्थी गण ने वाग्पुष्पों से समागतों का अभिनंदन किया । सभी को संबोधित करते हुए निदेशक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी प्रदेश की अकादमी के लिए इस प्रकार का काम आसान नहीं हैं। संस्थान ने 2022-23 के वित्तीयवर्ष में 570 कक्षाओं के द्वारा 32462 पञ्जीकृत शिक्षार्थियों को अपनी ओनलाइन कक्षा में आमंत्रित किया उनमें से प्रायः 12943 शिक्षार्थी कक्षाओं पूरे मासिक सत्र में उपस्थित रहे शिक्षणोत्तर आयोजित परीक्षा में लगभग 9803 शिक्षार्थियों ने भाग लिया जिसमें 8765 शिक्षार्थियों ने उत्तीर्ण होकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया है । इसी प्रकार वर्ष 2021-22 में 404 कक्षाओं के माध्यम से 36733 पञ्जीकृत, 13930 उपस्थित , 9608 परीक्षार्थी तथा 8469 शिक्षार्थियों ने उत्तीर्ण होकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया । इसी क्रम में 2020 में लगभग 8000 पंजीकृत में 5000 को पढाया जिनमें 4000 परीक्षा देकर उत्तीर्ण हुएं। यह उपलब्धि अपने आप में विशिष्ट हैं । इस क्रम में संस्कृत सेवा पोर्टल के माध्यम से संस्थान के प्रशिक्षित योग पौरोहित्य शिक्षक का डाटा अपडेट होगा जिससे व्यक्ति घर बैठे लाभ प्राप्त कर सके । संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक डॉ.दिवाकर मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश के परम यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी संस्कृत भाषा के विकास हेतु कटिबद्ध है जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् नित्य प्रति क्रियाशील रहा है। वर्तमान में भी गृहे गृहे संस्कृतम् नामक योजना का यथाशीघ्र शुभारंभ हो इसी 150 से अधिक प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित कर प्रमाणपत्र दिया है और प्रत्येक जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संस्कृत के प्रचार प्रसार हेतु ग्राम प्रधान तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ मिलकर कार्य करने की योजना है।योजना सर्वेक्षिका चंद्रकला शाक्या ने बताया कि लिंक के माध्यम से अपनी सौविध्य के अनुरूप किसी भी ईप्सित समय पर पंजीयन कर 20 दिवसीय एक घंटात्मिका कक्षा को गूगल मीट के माध्यम से जुड़ कर प्रथम व द्वितीय स्तर के पाठ्यक्रम को पढ सकते हैं जो पूर्णतः निःशुल्क हैं। शिक्षकों का अभिमुखीकरण कर तृतीय स्तर के पाठ्यक्रम को भी तैयार किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रमुख सुधीष्ठ मिश्र ने बताया कि जो शून्य से आरंभ करना चाहते हैं वे प्रथम तथा जिंहे भाषा का आरंभिक ज्ञान हैं वे द्वितीय स्तर के पाठ को पढ सकते हैं । यह पाठ आकर्षक रीति से सज्ज विद पीपीटी हैं । शिक्षक शिक्षार्थी संवाद के माध्यम से शिक्षण में भाग लेते हैं। हमारे समन्वयक गण धीरजमैठाणी , राधाशर्मा व दिव्यरंजन की रिपोर्ट के अनुसार शिक्षार्थियों का मानना हैं कि आजकल की व्यक्ततम जीवन में जहां प्रत्यक्ष रूप संस्कृत की कक्षाओं में भाग लेना सहज नहीं हैं । उस स्थिति संस्थान की ओनलाइन कक्षा एक अच्छा विकल्प हैं । निरंतर चलता रहे तो और लोग लाभान्वित होंगे। प्रशिक्षक गण ने समागतों का धन्यवाद किया। गौरतलब हैं कि संस्थान के 50 प्रशिक्षक इस योजना के माध्यम से संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षाओं को संचालित कर रहे हैं । समारोप सत्र में तबस्सुम बानो, पूनम आदि शिक्षार्थियों ने अपना अनुभव सुनाया । प्राची तिवारी ने शांतिमंत्र के द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंगलाचरण नन्दिनी शर्मा ने किया। आभासिक रूप सभी शिक्षार्थी संस्थान के पदाधिकारी , सामाजिक संस्कृताभिमानी समुपस्थित रहे।

### एसपी ने किया थाना पिपरी का वार्षिक निरीक्षण

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी द्वारा थाना पिपरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को सलामी दी गयी। थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कक्ष, अपराध रजिस्टर, मालखाना , अन्य रजिस्टरों व अभिलेखों को चेक किया गया एवं उनको अध्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए तथा विवेचकों को लंबित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आदेश दिए गए। महिला हेल्प डेस्क तथा साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया एवं शस्त्रों को भी चेक किया गया। बैरकों और थाना परिसर के अन्य भवनों का भी निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी व सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान थाने में अपनी समस्या लेकर आये फरियादियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया एवं ग्राम चौकीदारों को साफा वितरित कर उनको संबोधित किया गया।

# खोह अस्पताल का जल्द होगा लोकार्पण: बृजेश पाठक

## पुलिस लाइन में देखा निमार्णाधीन भवन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के डिप्टी सीएम/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने पुलिस लाइन में निमार्णाधीन आरक्षियों के आवासीय भवनों को देखकर कार्यदायी संस्था के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से कहा कि इस भवन को जल्द हैंडओवर करायें। सोमवार को सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दो सौ शैया एमसीएच विंग खोह अस्पताल में एकल पटल, परामर्श कक्ष, बच्चों की आईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में इसका लोकार्पण करा दिया जाएगा। इसका प्रचार-प्रसार आशा-एएनएम से करायें। अधीक्षक एमसीएच विंग खोह से दवाइयों की जानकारी ली। कहा कि कोई परेशानी हो तो बताए। संचालन की बाबत अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से फोन पर वार्ता कर तत्काल 200 सैया एमसीएच बिंग खोह का संचालन कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने खोह गांव में चल रही गौशाला को देखा। निरीक्षण में उन्होंने गायों को गुड़ व चारा खिलाया। प्रधान से कहा कि गौवंशों की सेवा अच्छे से करें। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि जिन गौवंशों के भरण-पोषण का भुगतान शेष रह गया है, उसे जल्द करायें। गौशाला में गायों के पीने के पानी को भी देखा। प्रधान से कहा कि पानी की चरही तत्काल साफ करायें। गौवंशों को साफ पानी पिलायें।

निरीक्षण में डिप्टी सीएम के साथ सांसद आरके सिंह पटेल, विधायक मानिकपुर अविनाशचंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, सीडीओ अमृतपाल कौर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व सांसद रमेशचंद्र द्विवेदी, पूर्व विधायक मानिकपुर आनन्द शुक्ला, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्र, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, रवि प्रकाश त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, महामंत्री आलोक पांडेय समेत संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।



### गुंडा-माफियाओं का सफाया रहेगा जारी: बृजेश

चित्रकूट। सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अतीक अहमद को प्रयागराज लाने की बाबत कहा कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अतीक को प्रयागराज लाया जा रहा है। सूबे में कानून का राज स्थापित किया जा रहा है। गुंडा-माफियाओं का सफाया होना जारी रहेगा। सूबे में कानून का राज स्थापित कर सभी अपराधियों, माफियाओं और गुंडों को सजा दिलाने को कानून के तहत अभियोजन पक्ष लगातार मजबूती से कार्यवाही कर रहा है। उन्होंने कहा कि गुंडा-माफियाओं को सजा दिलाने में अन्य राज्यों में उत्तर प्रदेश नम्बर वन है। अतीक अहमद की बहन के अतीक की हत्या कराने के आरोप पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि उनकी सरकार पारदर्शिता और सुचिता के साथ प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने में लगी है। पीडित उमेश पाल के परिवार के साथ पूरी सरकार साथ खडी है।

# अतीक का काफिला खोह रेलवे क्रासिंग पर दस मिनट रुका

## मऊ-बरगढ होते हुए काफिला गया प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रयागराज के माफिया डॉन अतीक अहमद को गुजरात के साबरमती जेल से प्रयागराज लाने को एसटीएफ रविवार की देर शाम छह बजे निकली है। अतीक अहमद का काफिला साबरमती जेल से 1423 किमी की दूरी तय कर रहा है। काफिला गुजरने वाले प्रत्येक जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चित्रकूट से काफिला गुजरते समय खोह रेलवे क्रासिंग पर दस मिनट को काफिला रुका।

सोमवार को चित्रकूट में प्रयागराज के डॉन अतीक अहमद का काफिला पुलिस लाइन के आगे खोह रेलवे क्रॉसिंग के पास रुक गया। ट्रेन आने की वजह से फाटक बंद होने से करीब दस मिनट पूरा काफिला यहीं रुका रहा। काफिला रुकते ही जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए अतीक की गाड़ी के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हो गए। इस काफिले में लगभग 25 वाहन मौजूद थे। पुलिस कर्मी अतीक के वाहन के पास किसी मीडिया कर्मी को नहीं जाने दे रहे थे।



अतीक अहमद का काफिला साबरमती जेल से मध्य प्रदेश के शिवपुरी होते हुए यूपी के झांसी पहुंचा। जहां बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जालौन होते हुए हमीरपुर, महोबा, बांदा और फिर चित्रकूट पहुंचा। चित्रकूट के भरतकूप में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे खत्म हो जाएगा। जो भरतकूप से कर्वी शहर 20 किमी है।

शहर कर्वी ट्रैफिक चैराहे से प्रयागराज जाने को दो रूट हैं। एक रूट कर्वी से राजापुर, कौशांबी के मंझनपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचेगा। इसी रास्ते पर प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड वाला घटनास्थल भी है। इसे लेकर पुलिस प्रशासन को खासी सतर्कता बरतनी पड़ेगी।

अतीक के काफिले को सीधे मऊ, बरगढ, मुर्का होते हुए नैनी सेंट्रल जेल प्रयागराज ले जाया जाएगा। अतीक के काफिले को प्रयागराज शहर के अंदर से ले जाना पड़ेगा। शहर के अंदर 15-20 किमी घुसकर नैनी सेंट्रल जेल पहुंचेगा। अतीक को चित्रकूट के कर्वी शहर से मऊ होते हुए प्रयागराज ले जाने वाला रास्ता सही माना जा रहा है। इसे लेकर चित्रकूट प्रशासन भी अलर्ट मोड पर रहा।

### गंदगी से कराह रही मन्दाकिनी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गंदगी से कराह रही मन्दाकिनी नदी में नगर पालिका टीम ने लगातार चैथे दिन भारी मात्रा में चोई, चारा और मलबा नदी से बाहर निकाला। नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमान जी मंदिर के बीच अभियान चला। सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर पालिका ने नदी सफाई अभियान शुरू किया है। पिछले चार दिन में गंदगी से बजबजा रही नदी के बड़े हिस्से को साफ-स्वच्छ कर दिया गया है। लगातार पालिका की टीम ईओ लालजी यादव और सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला की अगुवाई में अभियान को गति दे रही है।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस नेताओं को प्रशासन ने किया नजरकैद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के डिप्टी सीएम के आगमन के मद्देनजर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड, कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय व कांग्रेस जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी को जिला प्रशासन ने उनके घरों में नजरबन्द कर दिया। इससे खफा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डरी हुई तानाशाह मोदी-योगी सरकार ने उनके घरों में पुलिस का पहरा लगाया है। वे गांधीवादी ढंग से अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

सोमवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के जिले में आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन ने कांग्रेसी नेताओं को घरों में नजरकैद कर दिया। इससे खफा कांग्रेसियों ने कहा कि उन्हें प्रशासन ने नजरबंद किया है। वे कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ता हैं। गांधीवादी ढंग से अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने कहा कि सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता लडते रहेंगे। कांग्रेसी अन्याय के आगे न कभी झुके हैं और न झुकेंगे, संघर्ष करते रहेंगे।

कांग्रेस जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस ने उनके घरों में पहरा लगाया है। इसे कांग्रेसी बर्दास्त नहीं करेंगे।

### राजापुर का करें चहुंमुखी विकास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने सूबे के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि तुलसी जन्मभूमि राजापुर का चहुंमुखी विकास किया जाये।

सोमवार को उप्र उद्योग व्यापार मंडल जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने सूबे के मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि गोस्वामी तुलसीदास की जन्म स्थली राजापुर विकास की द्दष्टि से काफी पिछडी है। तुलसी हस्त स्थापित हनुमानजी का मन्दिर कटान के कारण सुरक्षित नहीं है। पिचिंग कराने से ये ऐतिहासिक मन्दिर धराशायी होने से बच सकता है। राजापुर को ब्लाक का दर्जा दिया जाये।

उन्होंने कहा कि राजापुर में राजकीय चिकित्सालय में महिला चिकित्सक की नियुक्ति की जाये। देश-प्रदेश से पर्यटकों का आवागमन रहता है। इसलिए नगर में सुन्दरीकरण के कार्य कराये जायें। राजापुर तहसील में कोषागार स्थापित किया जाये। नगर से सीधी बस सेवा लखनऊ, प्रयागराज, अयोध्या, बनारस, झांसी आदि स्थानों को चलाई जायें। वर्षों से बन्द पडी बुकिंग विंडों पुनः चालू कराई जाये। राजापुर नगर को पर्यटक मानचित्र में शामिल कराकर पर्यटन विकास के कार्य कराये जायें।

### गृह कलह में शिक्षामित्र पत्नी को पति ने मारी गोली, मौत, पति गिरफ्तार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गृह कलह के चलते पति ने पत्नी की गोली मारकी हत्या कर दी। महिला शिक्षामित्र थी, परिजनों के अस्पताल ले जाने पर महिला को डॉक्टरों मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पडताल शुरू कर दी है।

ये घटना मऊ थाना क्षेत्र के ताड़ी गांव में रविवार को हुई। बताया गया कि शिक्षामित्र मधु त्रिपाठी (42) को गृह कलह के चलते पति दुर्गादत्त त्रिपाठी ने रविवार को सवेरे गोली मार दी। घायल अवस्था में परिजन उसे प्रयागराज ले गए। डॉक्टरों के मधु को मृत घोषित करने पर प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के बजहा मिश्रान गांव के नीरज मिश्रा ने इस मामले की रिपोर्ट मऊ थाने में आरोपी पति दुर्गादत्त के खिलाफ दर्ज कराई। नीरज ने बताया कि चैबीस साल पहले बहन मधु की शादी दुर्गादत्त से की थी। आरोप है कि दुर्गादत्त मधु के साथ आए दिन मारपीट करता था और जान से मारने की धमकी भी देता था।

रविवार को दुर्गादत्त ने लाइसेंसी राइफल से पत्नी को मऊ वाले घर में गोली मार दी। एसओ राजीव सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर पडताल की जा रही है। मृतका के तीन पुत्र और दो पुत्रियां हैं। घटना के बाद सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

## फटाफट खबरें

### स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी व अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की

**नगीना। चैत्र न**वरात्र के पांचवे दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर देवी दुर्गा के पांचवे स्वरुप स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी व अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के पांचवें दिन देवी के पांचवें स्वरूप स्कंद माता की पूजा अर्चना की जाती है वाहन के रुप में इन्होंने सिंह को अपनाया है मान्यता है कि स्कंद माता की साधक को मृत्यु लोक में ही परम शांति एवं सुख प्राप्त होता है नवरात्र के पांचवे दिन भी श्रद्धालु नर नारियों का मां के दरबार श्री राम लीला ग्राउंड स्थित देवी के मंदिर व अन्य मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए आना जाना लगा रहा। श्रद्धालु नर नारियों ने मंदिर में पूजा अर्चना कर देवी के श्रृंगार का सामान व प्रसाद चढ़ाकर अपने व अपने परिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**नगीना । नाबालिग** छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने नगीना पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शनिवार को उसकी 17 वर्षीय पुत्री को स्कूल जाते समय बिजनौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रशीदपुर गढ़ी निवासी उज्जवल व उसके एक मित्र अनुज ने पकड़ लिया और बहला फुसलाकर स्विफ्ट कार में बैठाकर जंगल ले गये और उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर मारपीट कर रास्ते में छोड़कर भाग गये ।

पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित धारि 363/376/323 व 506 में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित युवती को मेडिकल के लिए भेजकर घटना के एक आरोपी अनुज को गिरफ्तार कर लिया है।

### सचल पशु चिकित्सा इकाई वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**सुलतानपुर। प्रदेश** सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं के अन्तर्गत टोल फ्री नं0-1962 के माध्यम से ह्यह्यपशु उपचार पशु पालक के द्वारह्यह्य पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की महत्वाकाक्षी योजना के अन्तर्गत मोबाइल वेटनरी यूनिट (सचल पशु चिकित्सा इकाई टश्व) का शुभारम्भ/फ्लैग आफ मुख्यमंत्री द्वारा आज पूर्वान्ह में लखनऊ से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद सुलतानपुर के विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ0 आर0ए0 वर्मा, सांसद सुलतानपुर के प्रतिनिधि रंजीत सिंह, मा0 जिलाध्यक्ष अपना दल अभिनाष पटेल, विधायक लम्भुआ के प्रतिनिधि लक्ष्मीकान्त दूबे तथा जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी भूदेव सिंह, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, समस्त पशुधन प्रसार अधिकारी, मोबाइल वैन के चालक/पशुचिकित्सक सहित आदि मौजूद रहे।

ज्ञात हो कि इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश की 5 करोड़ 20 लाख पशु संख्या के द्दष्टिगत (एक लाख पशु संख्या के सापेक्ष एक वाहन) कुल 520 वाहन संचालित किये गये। पैकेजवार आवंटित वाहनों में से 50 प्रतिशत वाहन पूर्व निर्धारित रूट पर संचालित होंगे तथा 50 प्रतिशत वाहन आकस्मिक पशुचिकित्सा सेवाओं हेतु उपलब्ध रहेंगे। जनपद सुलतानपुर में कुल 14 ब्लाकों हेतु कुल 07 (सचल पशु चिकित्सा इकाई टश्व) वाहन उपलब्ध कराये गये हैं, जिसमें प्रति दो ब्लाकों हेतु एक वाहन संचालित किये जायेंगे।

# तेंदुए ने बछड़े को बनाया निवाला, कड़ी मशक्कत से वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में रानीपुर टाइगर रिजर्व के जंगल से एक तेंदुआ गांव की ओर घुस गया। गांव में घर के बाहर बंधे एक बछड़े को तेंदुआ ने अपना शिकार बना लिया। तेंदुआ को देखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को पकड़ लिया।

ये मामला मानिकपुर तहसील के बराछी गांव का है। बताया गया कि रविवार को देर शाम जंगल से एक तेंदुआ गांव की ओर घुस आया और एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। बछड़े की मौत होने पर ग्रामीणों ने तेंदुआ को देखा तो शोर मचाना शुरू कर दिया। तेंदुआ गांव के पास लगे गन्ने के खेत में घुस गया। तेंदुआ की सूचना मिलते ही लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर भगाने का प्रयास करने लगे। तेंदुआ गन्ने के खेत से निकलकर गेहूं के खेत में कई घंटे तक छिपा रहा।



सूचना पर वन विभाग टीम के साथ टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पीके त्रिपाठी की अगुवाई में कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से तेंदुआ को जाल बिछाकर पकड़ा गया। इस बीच एक ग्रामीण भी घायल हो गया। फिलहाल वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को लेकर पिंजरे में बंदकर टाइगर रिजर्व के घने जंगल में छोडा जायेगा।

# संस्कारवान पीढी बनाने को 21 से 23 अप्रैल को बनी योजना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिजनों की आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी का उप जोन स्तरीय कार्यक्रम 21 से 23 अप्रैल होने बाबत चर्चा की गई।

सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार 23 अप्रैल को वितरण की योजना बनाई गई। रामनवमी पर हर घर में दीपक जलाकर भगवान श्रीराम के जन्म को मनाने का निर्णय लिया। देश रामराज्य की विशेषता से युक्त हो। गायत्री परिवार के अखिल विश्व केंद्र गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के निर्देश पर सम्पूर्ण देश में गायत्री परिवार के परिजन साथ ही संपूर्ण देशवासी भी दीप जला नवयुग के आगवानी कर स्वागत करेंगे। चित्रकूट में भी हर घर दीप जले परिजन सम्पर्क करे। परिक्रमा पथ पर भी मन्दाकिनी तट पर सर्वत्र दीप जलाने की प्रेरणा दी गई। आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम मे युवक-युवती तथा माता-पिता बनने वाले दंपत्ति को ज्ञान विज्ञान के साथ संस्कार, आध्यात्मिक, व्यवहारिक प्रयोग के साथ उच्चतर शिक्षा सम्पन्न चिकित्सक मनो वैज्ञानिक अनुसंधान युक्त पुरोहितों के साथ मार्गदर्शन की व्यवस्था की गयी है। इसका प्रशिक्षण 21 से 23 अप्रैल को होगा।



दुर्लभ महत्वपूर्ण ज्ञान नयी पीढ़ी को मिले, इसके लिए हर व्यक्ति को इस कार्यक्रम से जुड़ने की अपेक्षा गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने की। बैठक मे सुधा तिवारी, पुष्पा शर्मा, सविता तिवारी, भवानी दीन यादव, विजयचंद्र गुप्ता, कमलेश कुमार त्रिपाठी, राकेश केसरवानी, पुष्पेन्द्र गर्ग, श्रवण कुमार गुप्ता, राम आश्रय साहू, गायत्री तिवारी, रंजना सिंह, रेखा, रामशरण शास्त्री आदि प्रमुख परिजन मौजूद रहे।

# रपटा के फाटक खोल नगर पंचायत ने यूपी के लेजर लाइट शो पर लगाया ग्रहण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामघाट में संचालित लेजर लाइट एंड साउंड शो पर नयागांव नगर पंचायत (मप्र) की हठधर्मिता और मनमानी हावी है। बार-बार नयागांव रपटा के फाटक खोलकर शो ठप्प कर दिया जाता है। यूपी के पर्यटन अधिकारी भी इन मनमानियों से बेबस हैं। रविवार को एकबार फिर नदी के फाटक खोलकर शो पर ग्रहण लगा दिया गया है।

सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा के फाटक खुलने से एकबार फिर नदी का पानी लगभग चार फिट कम हो गया है। लेजर शो की पम्प मशीने जमीन में रख गई हैं। पहले रपटा के फाटक केवल बारिश के पूर्व ही खोले जाते थे, लेकिन अब कभी भी बहाने बनाकर फाटक खोल दिए जाते हैं। दो महीनों तक घाट निर्माण के नामपर फाटक खोलकर रखे गए। अब सफाई का बहाना है। यूपी का लेजर शो नयागांव नगर पंचायत के अधिकारियों की हठधर्मिता की भेंट चढ़ गया है। रामघाट के सैकड़ों नाविक भी बार-बार फाटक खोल देने से हलाकान हैं। अजीत सिंह ने बताया कि पर्यटन अधिकारी ने कई बार इसका विरोध किया, लेकिन मप्र के अधिकारियों के समक्ष वह भी खुद को बेबस पाते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं को आकर्षित करने को यूपी सरकार ने रामघाट में लेजर शो की शुरूआत की थी। अब बुंदेली सेना ने मामले की शिकायत सतना कलेक्टर से करने की चेतावनी दी है।

## इमरान खान ने पाकिस्तान को आर्थिक संकट से निकालने को पेश किया 10 सूत्री खाका

**लाहौर।** पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान ने देश को आर्थिक संकट से निकालने के लिए तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) का 10 सूत्री खाका पेश किया। इमरान खान ने यह प्रस्ताव लाहौर में एक भव्य जनसभा के दौरान रखा। मीनार-ए-पाकिस्तान पर आयोजित जनसभा में इमरान ने देश की सत्तारूढ़ पार्टी को अलग-अलग मोर्चे पर संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को उबारने की योजना पेश करने की चुनौती दी।

पीटीआई प्रमुख ने कहा कि मैं चुनौती देता हूं कि मौजूदा सरकार में (देश को बचाने की) क्षमता या नीयत नहीं है। अगर सरकार मुझसे कहती है कि उसके पास (देश को संकट से उबारने की) योजना है, तो मैं हंसी-खुशी किनारे हो जाऊंगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 70 वर्षीय इमरान ने कहा, मैं जानता हूं कि क्या योजना है। उनके पास कोई योजना नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री ने पीटीआई का 10 सूत्री रोडमैप पेश करते हुए कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विदेश में रह रहे पाकिस्तानियों को पाकिस्तान में निवेश करने के प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि मदद के लिए बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जाने की जरूरत न पड़े। उन्होंने कहा, हम उन सभी लोगों की मदद करेंगे, जो सामान निर्यात करेंगे और देश में डॉलर ले आएंगे। गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने आईएमएफ के ऋण कार्यक्रम की बहाली के लिए उससे संपर्क किया है। इमरान ने जोर देकर कहा कि देश को कर संग्रह और निर्यात बढ़ाने के लिए कठोर फैसले लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारे घर को दुरुस्त करने के लिए एक बड़ी सर्जरी की जरूरत है। प्रवासी पाकिस्तानी अपने डॉलर पाकिस्तान भेजेंगे, बशर्ते उन्हें इस बाबत प्रोत्साहित किया जाए।

## 'या तो इमरान खान मारे जाएंगे या..', पाकिस्तान के मंत्री का बड़ा बयान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हालात बेहद खराब होते जा रहे हैं। अब आलम ये है कि खुलेआम सत्ताधारी और विपक्ष के नेता एक-दूसरे को धमकी दे रहे हैं। इसे आप पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह के बयान से समझ सकते हैं। राणा सनाउल्लाह ने टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि अब इमरान खान और उनकी पार्टी पीटीआई हमारी (पीएमएल-एन) की सबसे बड़ी दुश्मन है। वह (इमरान) देश की राजनीति को ऐसी स्थिति में ले गए हैं, जहां 'या तो वह मारे जाएंगे या हम।'

**राणा ने क्या कहा?**

कुछ निजी टीवी चैनलों को पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने इंटरव्यू दिया था। इस दौरान उन्होंने कहा, 'या तो इमरान खान या हम मारे जाएंगे। वह अब देश की राजनीति को उस मुकाम पर ले गए हैं जहां दोनों में से एक ही रह सकता है- पीटीआई या पीएमएलएन। पीएमएलएन का पूरा अस्तित्व खतरे में है और हम हिसाब बराबर करने के लिए उसके खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। खान ने राजनीति को दुश्मनी में बदल दिया है। खान अब हमारा दुश्मन है और उसके साथ ऐसा ही व्यवहार किया जाएगा।' पत्रकार ने जब सवाल पूछा कि आपके इस बयान से तो पाकिस्तान में अराजकता फैल सकती है। इसपर मंत्री ने कहा, 'पाकिस्तान में पहले से ही अराजकता कायम है।' सनाउल्लाह के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीटीआई नेता और पूर्व संघीय सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा, 'इस पीएमएलएन गठबंधन सरकार से इमरान खान के लिए सीधा जान का खतरा है।'

## एलन मस्क की बढ़ी मुश्किलें! ट्विटर के सोर्स कोड ऑनलाइन लीक हुए, कोर्ट फाइलिंग से हुआ खुलासा

**वाशिंगटन।** ट्विटर सोर्स कोड के ऑनलाइन लीक होने का मामला सामने आया है। बता दें कि सोर्स कोड, वो आधारभूत कंप्यूटर कोड होते हैं, जिन पर ट्विटर का पूरा सोशल नेटवर्क काम करता है। इनके लीक होने से ट्विटर का पूरा नेटवर्क प्रभावित हो सकता है। बता दें कि ट्विटर ने इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई है। कैलिफोर्निया के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दर्ज शिकायत के अनुसार, ट्विटर ने सॉफ्टवेयर डेवलेपमेंट की इंटरनेट होस्टिंग सर्विस GitHub से अपने सोर्स कोड को डिलीट करने को कहा है। ट्विटर की शिकायत के बाद गिटहब ने उसके सोर्स कोड को डिलीट भी कर दिया है। ट्विटर ने इस मामले में कोर्ट से भी अपील की है कि ट्विटर अथॉरिटी की मंजूरी के बिना जिसने भी गिटहब पर उसके सोर्स कोड पोस्ट किए हैं, उन आरोपियों की पहचान की जाए। बता दें कि इस पूरी घटना से एलन मस्क की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ट्विटर ने अपनी शिकायत में कहा है कि इससे उनके कॉपीराइट का उल्लंघन हुआ है। वहीं इस लीक से अरबपति एलन मस्क की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। बता दें कि एलन मस्क ने बीते साल अक्टूबर में ही ट्विटर को 44 बिलियन डॉलर की भारी भरकम रकम देकर खरीदा है। गौरतलब है कि एलन मस्क ने बीते दिनों ही ट्वीट कर एलान किया था कि ट्विटर सिफारिश करने के लिए उपयोग किए जाने वाले ट्वीट्स के सोर्स कोड 31 मार्च तक ओपन करेगा।

## मुश्किल में इस्त्राइली पीएम! न्यायपालिका में विवादित बदलाव को लेकर राष्ट्रपति भी नेतन्याहू के खिलाफ, की ये अपील



**येरुशलम।** इस्त्राइल में न्यायपालिका में आमूल-चूल बदलावों की नेतन्याहू सरकार की योजना पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में इस इस योजना के खिलाफ बयान देने वाले रक्षा मंत्री को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने बर्खास्त कर दिया था। हालांकि, अब इस्त्राइल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने इस्त्राइली पीएम से इस विवादित योजना को तत्काल रोकने की अपील की है। हर्जोग ने चेतावनी दी कि इस योजना की वजह से देश की सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और समाज भी खतरे में पड़ चुके हैं।

राष्ट्रपति की यह अपील ऐसे समय में आई है, जब एक दिन पहले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस योजना का विरोध करने पर अपने रक्षा मंत्री योआव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया था। गैलेंट ने नेतन्याहू के न्यायपालिका में बदलाव की योजना को देश की सुरक्षा के लिए खतरा करार दिया था। हालांकि, नेतन्याहू के रक्षा मंत्री को बर्खास्त करने के फैसले के खिलाफ इस्त्राइल की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी उतर आए। इसी के मद्देनजर हर्जोग ने सरकार से देश के लिए राजनीतिक मतभेदों को दूर रखने की भी अपील की। उन्होंने एक बयान में कहा, ''पिछली रात हमने बहुत मुश्किल हालात देखे। मैं प्रधानमंत्री, सरकार के सदस्यों और गठबंधन के सदस्यों से अपील करता हूं कि कुछ भावनाएं आहत हुई हैं। पूरा देश गहरी चिंता में डूबा हुआ है। हमारी सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, समाज- सभी खतरे में हैं। इस्त्राइल के सभी लोग उम्मीद भरी निगाहों से आपको देख रहे हैं। सभी यहूदी लोग आपसे उम्मीद लगाए बैठे हैं। पूरी दुनिया को आपसे उम्मीद है।''

राष्ट्रपति ने कहा, ''इस्त्राइल के लोगों की एकता, जरूरी जिम्मेदारी के लिए, मैं आपसे विधायी प्रक्रिया तत्काल रोकने की अपील करता हूं।'' उन्होंने सत्ता में बैठे सभी नेताओं से देश के नागरिकों को सर्वोपरि रखने का आग्रह किया।

**दुनियाभर में यहूदी समुदाय कर रहा विवादित योजना का विरोध**

न्यायपालिका में बदलाव की सरकार की योजना का न केवल इस्त्राइल में विरोध हो रहा है, बल्कि नेतन्याहू की इटली, जर्मनी और ब्रिटेन की यात्रा के दौरान भी यहूदी प्रवासी समुदाय के हजारों लोगों ने इसका विरोध किया था। इन प्रदर्शनों ने कारोबारी नेताओं, पूर्व सुरक्षा प्रमुखों तथा इस्त्राइल के करीबी सहयोगी अमेरिका को भी चिंतित कर दिया है।

**क्या हैं बदलाव जिन पर जारी है विवाद?**

दरअसल, नेतन्याहू की सरकार इस सप्ताह ऐसे विधेयक पर संसद में मतदान कराने की योजना बना रही है जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन को न्यायिक नियुक्तियों पर अंतिम मुहर लगाने की शक्ति मिल जाएगी। इसमें ऐसे कानून पारित करने का भी प्रावधान है जिससे संसद को आम बहुमत के साथ उच्चतम न्यायालय के फैसलों को पलटने तथा कानूनों की न्यायिक समीक्षा सीमित करने का अधिकार मिल जाएगा। नेतन्याहू तथा उनके सहयोगियों का तर्क है कि इस योजना से न्यायिक तथा कार्यकारी शाखाओं के बीच संतुलन बहाल होगा। लेकिन आलोचकों का कहना है कि ये कानून इजराइल की लोकतांत्रिक व्यवस्था में संतुलन बिगाड़ देगा और सत्तारूढ़ गठबंधन के हाथ में शक्तियां सौंप देगा। उनका यह भी कहना है कि ये कानून भ्रष्टाचार के मुकदमे का सामना कर रहे नेतन्याहू के लिए हितों का टकराव भी है।

## अमेरिका: कैलिफोर्निया के गुरुद्वारे में गोलीबारी, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एक गुरुद्वारे में दो गुटों में गोलीबारी की जानकारी सामने आई है। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है।

जानकारी के मुताबिक अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित सैक्रामेंटो काउंटी के एक गुरुद्वारे में नगर कीर्तन का आयोजन हो रहा था। इस दौरान हजारों लोग गुरुद्वारे में जमा थे। दिनभर अलग-अलग कार्यक्रमों के बाद देर रात वहां जुटे कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद बढ़कर गोलीबारी में बदल गया, जिसमें दो लोगों को गोली लग गयी। गोलीबारी में घायल दोनों लोगों की हालत गंभीर बताई गयी है। सैक्रामेंटो काउंटी के शेरिफ कार्यालय की ओर से बताया गया है कि यह गोलीबारी तीन जानने वालों के बीच हुई है। पुलिस ने इसे नफरत से जुड़ा अपराध नहीं माना है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है।



सैक्रामेंटो काउंटी के शेरिफ के प्रवक्ता अमर गांधी ने कहा कि यह घटना नफरती अपराध से नहीं जुड़ी है, क्योंकि गोलीबारी में शामिल तीनों लोग परिचित थे। उन्होंने बताया कि किसी बात को लेकर पहले दो लोगों में हाथापाई हुई थी। इसके बाद एक संदिग्ध ने अपनी बंदूक निकाल ली और लड़ाई में शामिल दूसरे व्यक्ति के दोस्त को गोली मार दी। इसके बाद जिस व्यक्ति को गोली नहीं लगी थी, उसने बंदूक निकाल कर पहले शूटर पर गोलियां दाग दीं और मौके से भाग निकला। भाग निकले संदिग्ध व्यक्ति की उम्र बीस से तीस साल के बीच है। उसकी तलाश की जा रही है।

## ट्यूनीशिया में नौका डूबने से 29 प्रवासियों की मौत, 11 बचाए गए




**ट्यूनिश।** ट्यूनीशिया के तट के पास नौका डूबने से उप सहारा अफ्रीका के देशों के कम से कम 29 लोगों की उस समय मौत हो गई, जब वे भूमध्यसागर पार कर इटली जाने का प्रयास कर रहे थे। ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड ने यह जानकारी दी। ट्यूनीशिया के नेशनल गार्ड के प्रवक्ता हौसमेद्दीन जेबाब्ली ने बताया कि मछुआरों ने 19 शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल ने शनिवार रात आठ और शव बरामद किए और 11 लोगों को बचा लिया। उन्होंने बताया कि दो अन्य शव ट्यूनीशियाई बंदरगाह स्फैक्स से बरामद किए गए हैं। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि डूबने वाली नौका में कुल कितने लोग सवार थे।ट्यूनीशिया में प्रवासियों के लिए काम करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के मुताबिक, पिछले दो दिन में स्फैक्स में पांच नौकाएं डूबी हैं और 67 लोगों का पता नहीं चल पाया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के अनुसार, संघर्ष या गरीबी के कारण लोग सबसे खतरनाक माने जाने वाले मार्ग में शामिल भूमध्यसागर के जरिए ट्यूनीशिया के तटों से यूरोप की ओर नौकाओं से जाते हैं।

## उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल, जापान ने पुष्टि कर जारी की आपातकालीन चेतावनी

**प्योंगयांग।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच चल रहे संयुक्त सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरिया लगातार चुनौती दे रहा है। उत्तर कोरिया ने एक बार फिर पूर्वी सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के साथ जापान ने भी यह मिसाइल दागे जाने की पुष्टि कर आपातकालीन चेतावनी जारी की है। इस समय दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। पिछले सप्ताह शुरू हुआ यह सैन्य अभ्यास तीन अप्रैल को समाप्त होने वाला है। उत्तर कोरिया इस सैन्य अभ्यास का खुल कर विरोध कर रहा है। यह सैन्य अभ्यास शुरू होते ही उत्तर कोरिया कई मिसाइल प्रक्षेपित कर चुका है। इनमें पानी के नीचे परमाणु सक्षम हमले वाले ड्रोन का परीक्षण भी शामिल है। अब एक बार फिर उत्तर कोरिया ने मिसाइल



दाग कर दक्षिण कोरिया के साथ-साथ अमेरिका को भी चुनौती दी है। दक्षिण कोरिया की सेना के मुताबिक उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि सेना मिसाइल की उड़ान दूरी और अन्य विवरणों का विश्लेषण कर रही है।इस बीच जापान के प्रधान मंत्री कार्यालय ने भी मिसाइल दागे जाने की पुष्टि कर आपातकालीन चेतावनी जारी की है। जापान के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने एक ट्वीट में कहा कि उत्तर कोरिया ने एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। अधिक जानकारी आना बाकी है।प्रधानमंत्री कार्यालय ने हवाई जहाजों सहित विभिन्न रक्षा प्रणालियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अधिकाधिक सूचनाएं जुटाने के निर्देश दिये हैं। साथ ही जनता को भी समयबद्ध ढंग से सूचनाएं मुहैया कराने को कहा गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अधिकारियों को सभी सावधानियां बरतने और किसी आपात स्थिति के लिए तैयार रहने के निर्देश भी दिये हैं।

## USA के टेनेसी में हुए सड़क हादसे में एक साल की बच्ची समेत छह लड़कियों की मौत

**प्लेसेंट व्यू।** अमेरिका के टेनेसी राज्य में एक राजमार्ग पर रविवार को एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक साल की बच्ची समेत छह लड़कियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दो अन्य लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से एक की हालत गंभीर है। रॉबर्टसन काउंटी के आपात स्थिति प्रबंधन सेवा कार्यालय के प्रमुख ब्रेंट डायर ने बताया कि हादसे के कारण कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने एक विज्ञप्ति में बताया कि कर्मियों को कार के बाहर पड़ी एक साल की बच्ची समेत छह लड़कियां मिलीं और इनकी उम्र 18 साल तक है और उनकी मौत हो गई है।अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे में एक व्यक्ति मामूली रूप से जख्मी हुआ है। उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त कार के पास दूसरी गाड़ी भी मिली है जिसका चालक घायल नहीं हुआ है। हादसे में हताहत हुए लोगों की तत्काल पहचान नहीं की जा सकी। टेनेसी राजमार्ग गश्ती एजेंसी दुर्घटना के कारण की जांच कर रही है।

## बेलारूस को परमाणु बंधक बना रहे पुतिन: यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करने की रूस की योजना की निंदा की और कहा कि मॉस्को अपने सहयोगी देश को परमाणु बंधक बना रहा है।हालांकि, रूस ने कहा कि उसने यूक्रेन को पश्चिमी देशों के बढ़ते सैन्य सहयोग के जवाब में यह कदम उठाया है।

इस बीच, यूक्रेन सरकार ने परमाणु ब्लैकमेल की रूस की रणनीति से निपटने के लिए मिसाइलों के मुकाबले कम दूरी पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाते



हैं तथा अपेक्षाकृत कम नुकसान करते हैं। पुतिन ने कहा था कि यह योजना यूक्रेन को डिप्लेटिड यूरेनियम वाला गोला-बारूद देने की ब्रिटेन की योजना की जवाबी प्रतिक्रिया है। रूसी राष्ट्रपति ने पहले दावा किया था कि ब्रिटेन द्वारा यूक्रेन को उपलब्ध कराया जाने वाला गोला-बारूद परमाणु घटक से लैस है।

उन्होंने कहा था कि बेलारूस में सामरिक परमाणु हथियारों की तैनाती करके रूस अमेरिका की दिखाई राह पर आगे बढ़ रहा है।

पुतिन ने दावा किया था कि वाशिंगटन ने बेल्जियम, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और तुर्किए में अपने परमाणु हथियार तैनात कर रखे हैं। उन्होंने कहा था कि हम वही कर रहे हैं, जो वे दशकों से करते आ रहे हैं। हम उन्हें (परमाणु हथियारों को) चुनिंदा सहयोगी देशों में तैनात कर रहे हैं, उनके प्रक्षेपण का मंच तैयार कर रहे हैं और उनका संचालन करने वाले दलों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव ओलेक्सेई दानिलोव ने ट्वीट किया कि पुतिन की घोषणा बेलारूस की अस्थिरता की दिशा में उठाया गया एक कदम है , जो बेलारूसी समाज में रूस और पुतिन को लेकर मौजूद नकारात्मक धारणा एवं सार्वजनिक अस्वीकृति को उच्चतम स्तर पर ले जाती है।


दानिलोव ने कहा कि रूस बेलारूस को परमाणु बंधक बना रहा है। पुतिन ने बेलारूस में परमाणु हथियारों की तैनाती की योजना को लेकर कहा था कि बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जैंडर लुकाशेंको उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देशों से घिरे होने के कारण उनसे निपटने के लिए काफी समय से इन हथियारों की मांग कर रहे हैं। बेलारूस की सीमा तीन नाटो देशों से मिलती है, जिनमें लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड शामिल हैं। पुतिन ने कहा था कि बेलारूस में इन हथियारों के भंडारण के लिए उचित ढांचों का निर्माण एक जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा और हथियारों के रखरखाव का जिम्मा रूस ही संभालेगा।

## राष्ट्रपति विक्रमसिंघे से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल, द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति पर हुई चर्चा

**वाशिंगटन।** भारत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन की अगुवाई में श्रीलंका दौरे पर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने विक्रमसिंघे को ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने ऊर्जा सहयोग के लिए चिह्नित प्राथमिकता क्षेत्रों की दिशा में कदम उठाने से जुड़े मुद्दों पर सलाह दी। उच्चायोग ने बताया कि भारत की तरफ से श्रीलंका को उपहार में 500 सौर-चालित इंडोर कुकिंग सिस्टम भी दिए जाएंगे। कॉरपोरेशन की लंका इंडिया ऑयल कंपनी ने कहा, पेट्रोलियम सचिव के साथ आईओसी के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने त्रिंकोमाली में स्थित टर्मिनल का दौरा भी किया।

**भारतवंशी बच्ची की मौत के मामले में दोषी को 100 साल की सजा**

अमेरिका में भारतीय मूल की



एक बच्ची की मौत मामले में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को 100 साल की सजा सुनाई है। साल 2021 में पांच वर्षीय मैया पटेल श्रेवेपोर्ट के मॉन्कहाउस ड्राइव में अपने होटल के कमरे में खेल रही थीं। उसी समय आरोपी ने एक अन्य व्यक्ति से विवाद के दौरान गोली चलाई थी, जो बच्ची के सिर में जा लगी थी। इससे बच्ची की मौत हो गई थी। इस पर अदालत ने दोषी को 100 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइस इनाश्यो लूला द सिल्वा ने चीन का दौरा रद्द कर दिया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया, वे फिलहाल फ्लू जैसे लक्षणों से पीड़ित हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्राजील के वामपंथी नेता के दौरा रद्द करने पर कई सवाल उठ रहे हैं। खासतौर पर ब्राजील के दक्षिणपंथी पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के समर्थक उनकी नीतियों का तीखा विरोध कर रहे हैं। दूसरी तरफ, यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ अमेरिका व पश्चिम की अपेक्षाओं से इतर रुख अपनाने से भी लूला को कूटनीतिक दबाव है।

**ब्रेन ट्यूमर में सुधार के लिए अंतरिक्ष में होगी जांच**

लंदन। अब लाइलाज बच्चों के ब्रेन ट्यूमर और मांसपेशी की प्रक्रियाओं में सुधार की जांच के लिए परीक्षण अंतरिक्ष भेजे जाएंगे। ब्रिटेन की अंतरिक्ष एजेंसी इसे शुरू करने की योजना बना रही है। एजेंसी ने कहा, 26 लाख पाउंड की यह परियोजना 2025 में लॉन्च की जाएगी। इसके परिणामों का विश्लेषण करने के लिए पृथ्वी पर लौटने से पहले छह महीने तक आईएसएस पर अंतरिक्ष यात्री इसकी निगरानी करेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर रिसर्च के डी (एमजी) 2 प्रोजेक्ट को यूके स्पेस एजेंसी से 12 लाख पाउंड की राशि मिली है। इसका उद्देश्य यह समझना है कि मिडलाइन ग्लियोमा किस प्रकार से बच्चों को शिकार बना रहा है। इसके बाद इसमें मौजूद कोशिकाओं को समझ कर इसे ठीक करने में मदद मिलेगी।

## सराफा बाजार : नवरात्रि के छठे दिन सोना-चांदी में गिरावट का रुख

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के छठे दिन घरेलू सराफा बाजार में आज एक बार फिर गिरावट का रुख नजर आया। सोना और चांदी दोनों ही चमकीली धातु आज फिसल गए। आज के कारोबार में सोने की कीमत में 650 रुपये प्रति 10 ग्राम की नरमी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में 175 रुपये प्रति किलोग्राम तक फिसल गया। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को सोना का अंतिम बंद भाव 59,653 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में 650 रुपये की कमजोरी दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 650 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 381 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की नरमी दिखाई। दूसरी ओर चांदी भी आज के कारोबार में 176 रुपये प्रति किलोग्राम तक फिसल गया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।